दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 4 दिसंबर 2022, शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-272 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

कहते है न कि जो चोर होता है वहीं चोर-चोर का शोर मचाता है। जाो सबसे बड़ा बेईमान होता है वह खुद को कट्टर ईमानदार बताता है। ठीक उसी तरह सबको बिकाऊ बताने वाला खुद मुंह मांगी कीमत पाकर बिक जाता है। दरअसल वह सब को बिकाऊ बताकर अपनी कीमत बढ़ाता है। मजे की बात तो यह है कि जो नहीं दिखता वह भी बिकता है। बस बेचने का हुनर आना चाहिए। दो कौड़ी की चीज भी करोड़ों में बिक जाती है। सही कहा है किसी ने - कैसी है विडंबना कैसा से संयोग, करोड़ों में बिक रहे दो कौड़ी के लोग।

//-- सुविचार --//

भगवदगीता में लिखा है कि जिस समय, कोई समस्या जन्म लेती है उसके साथ ही, उसका समाधान भी जन्म लेता है !

कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी हक की लड़ाई लड़ी : सीएम

कांकेर/नवप्रदेश। भानुप्रतापपुर विधानसभा में प्रचार के अंतिम दिन शनिवार भाजपा-कांग्रेस दोनों दलों ने पूरी ताकत झोंकी। कोरर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी के पक्ष में आमसभा ली। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार सदा आदिवासियों के हक के लिए लड़ाई लड़ी है। हमने उनकी मांग के अनुरूप विशेष सत्र बुलाकर उन्हें आरक्षण दिया है। कल का दिन ऐतिहासिक दिन है। आगे भी हमारी सरकार सभी वर्गों के हितों की रक्षा करेगी। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने ग्राम भानखेड़ा, हाटकोंदल में जनसभा को संबोधित करते कहा कि भानुप्रतापपुर की जनता कांग्रेस सरकार के बहकावे में नहीं आने वाली। भाजपा प्रत्याशी की बड़ी जीत होगी। सीएम ने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि ईडी भाजपा की बी टीम की तरह काम कर रही है। उन्हें तो प्रदेश में घर बनाकर रहना चाहिए। जहां-जहां चुनाव होते हैं वहां ईडी अपनी कार्रवाई करती है। ओडिशा में चुनाव हुए तो ईडी पदमपुर भी पहुंची थी। अब छत्तीसगढ़ में कार्यवाही कर रही है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भानुप्रतापपुर की जनता अब बहकावे में नहीं आने वाली : अरूण

1 लाख 95 हजार 822 मतदाता डालेंगे वोट

5 दिसंबर को भानुप्रतापपुर विस उपचुनाव में 1 लाख 95 हजार 822 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 95 हजार 266 पुरूष मतदाता तथा 01 लाख 555 महिला मतदाता और 01 तृतीय लिंग मतदाता है। मतदान प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक होगा। 256 मतदान केन्द्र बनाये गये है, जिसमें से 82 मतदान केन्द्र नक्सल संवेदनशील एवं 17 मतदान केंद्र अति नक्सल संवेदनशील और 23 मतदान केन्द्र राजनीतिक रूप से संवेदनशील है। मतदान को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 256 मतदान दल गठित किये गये है।

पूर्व सीएम ने किया रोड शो

भानुप्रतापपुर उपचुनाव के प्रचार के अंतिम दिन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने चारामा में रोड शो कर भाजपा के पक्ष में चुनावी प्रचार किया। डॉ. रमन सिंह ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने षडयंत्र प ू व ‍र्‍ क भाजपा के प्रत्याशी को बदनाम करने की कोशिश की। इसका जवाब भानुप्रतापपुर विधानसभा की जनता देगी। इस दौरान रायपुर सांसद सुनील सोनी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनि राजपूत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सोमवार को विधेयक पर साइन करेंगी राज्यपाल नई व्यवस्था का नोटिफिकेशन होगा जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलाकर 76 प्रतिशत आरक्षण देने के विधेयक पर राज्यपाल अनुसुइया उइके सोमवार को दस्तखत करेंगी। राजधानी में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद मीडिया से चर्चा में राज्यपाल उइके ने कहा कि उनके विधि सलाहकार अभी छुट्टी पर हैं। शनिवार और रविवार की छुट्टी है। राज्यपाल ने कहा, मैंने ही राज्य सरकार को विधेयक या अध्यादेश लाने के लिए पहल की थी, इसलिए निश्चित रूप से दस्तखत करूंगी। राज्यपाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि विधेयक पेश होने और पारित होने की प्रक्रिया है। विधानसभा में पारित होने के बाद जब कोई विधेयक राजभवन आता है, तब सचिवालय में विधि सलाहकार परीक्षण करते हैं। इसके बाद राज्यपाल के पास आता है। तत्काल विधेयक पर दस्तखत नहीं होता। जब मंत्री मिलने आए थे, तब मैंने कहा कि मैंने ही विधेयक या अध्यादेश लाने के लिए पहल की थी। राज्य सरकार विधेयक लेकर आई। विपक्ष के दलों ने भी सहयोग किया। मेरी ओर से भी सकारात्मक सहयोग मिलेगा।

शुक्रवार की रात ही राज्यपाल से मिले मंत्री

शुक्रवार की रात प्रदेश सरकार के मंत्री रविंद्र चौबे, मो.अकबर विधानसभा में आरक्षण संशोधन विधेयक पेश करने के बाद इसे राज्यपाल के पास खुद लेकर गए थे। अब तक राज्यपाल ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। उनकी साइन के बाद ही ये कानून लागू होगा। राज्यपाल से ये पूछे जाने पर कि आरक्षण की वजह से रुकी भर्तियों का क्या होगा, उन्होंने जवाब दिया- इस महीने से सब शुरू हो जाएगा, हस्ताक्षर के बाद नोटिफिकेशन जारी होगा और प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

ये भर्तियां अटकी हुई हैं

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य प्रशासनिक सेवा परीक्षा का अंतिम परिणाम रोक दिया है। वहीं राज्य वन सेवा के साक्षात्कार टाल दिये गये हैं। स्कूल में 12 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया भी खटाई में है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा के 171 पदों पर इस साल परीक्षा ली थी। मुख्य परीक्षा में सफल 509 लोगों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। यह साक्षात्कार 20 से 30 सितम्बर के बीच चला। वहीं 8 से 21 अक्टूबर तक प्रस्तावित राज्य वन सेवा परीक्षा के साक्षात्कार को टाल दिया गया है। इस परीक्षा से 211 पदों पर भर्ती होनी थी।

सर्दियों का मौसम दस्तक दे चुका है. जैसे ही ठंड की शुरूआत होती है तो इसका असर हर जगह दिखना चालू हो जाता है. सर्दियों का असर हमारी स्किन, बॉडी और एक्टिविटीज पर होने लगता है. वहीं जहां आमतौर पर हम गर्मियों में कम खाना खाते हैं लेकिन उसकी तुलना में सर्दियों में हम ज्यादा खाना खाते हैं. सर्दियों में शरीर से मेहनत भी कम होती है. इसलिए इस मौसम में सभी को अपने हेल्थ का ख्याल रखना चाहिए।

सर्दियों का सुहाना मौसम शुरू हो चुका है. लेकिन ठंड का मौसम अपने साथ कई बीमारियां भी लेकर आता है. इस मौसम में लाइफस्टाइल और खान-पान का बहुत ध्यान रखना पड़ता है वरना जल्द ही बीमार पड़ने की संभावना बढ़ जाती है. सर्दियों के मौसम के लिए ऐसी तैयारी करनी चाहिए ताकि आपका शरीर अंदर से मदबूत हो और किसी भी तरह के वायरल से लड़ सके।

सर्दियों में रखे सेहत का विशेष ख्याल

सर्दियों के मौसम में ठंड से बचाव क लिए खुद को गर्म कपड़ों से कवर रखना चाहिए. इस दौरान पैर, सिर और कानों को खासकर से ढंककर रखना चाहिए. वहीं सर्दियों में कम से कम 8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए. इस मौसम में स्किन का ख्याल रखने के लिए बॉडी लोशन का उपयोग करें. नहीं तो स्किन सूखने और फटने लगेगी अगर आप अपनी बॉडी फिट रखना चाहते हैं तो इसके लिए सर्दियों से अच्छा मौसम और कोई नहीं होता है. इस दौरान आप अपने वजन को कंट्रोल कर सकते हैं. बॉड़ी को फिट रखने के लिए रेगुलर एक्सरसाइज कीजिए. अगर आप जिम में जाकर एक्सरसाइज नहीं कर पा रहें हैं तो रोजाना वॉक पर जाएं. बता दें चलने स शरीर में गर्मी पैदा होती है और इससे खून का दौरा भी बढ़ता है. वहीं इस मौसम में नमक कम मात्रा में खाना चाहिए. गर्मियों की तुलना में सर्दियों में कम पानी पिया जाता है लेकिन इस मौसम में आवश्यक मात्रा में पानी पीना चाहिए. सर्दियों में पानी का सेवन कम हो जाता है जिसका खराब असर आपकी सेहत, त्वचा और बालों पर पड़ता है. शरीर के लिए पर्याप्त पानी जरूरी है, चाहे कोई भी मौसम हो. पर्याप्त पानी पीने से आप ठंड के दिनों में भी काफी एक्टिव रहेंगे. साथ ही इससे आपके शरीर को अंदर से गर्माहट भी मिलेगी।

सर्दी का मौसम आते ही इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है. वायरल इंफेक्शन करीब-करीब हर घर की समस्या बन जाती है. इसलिए जरूरत है ठंड के मौसम में अलर्ट रहने की. अगर आप चाहते हैं कि कुछ ऐसा उपाय मिल जाए, जिससे सर्दी, खांसी,बुखार और जुकाम जैसी समस्याएं हो ही न

बार-बार खाने से बचें- सर्दियों में लगभग सभी के खाने की क्वांटिटी बढ़ जाती है. हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि ठंड में कार्ब का सेवन ज्यादा बढ़ जाता है. ऐसे में शरीर में सेरोटोनिन हार्मोन की मात्रा भी ज्यादा हो जाती है. इसका असर होता है कि आपका मूड खराब रहता है. इसलिए कोशिश करनी चाहिए कि कम से कम खाना खाया जाए. हेल्दी ब्रेकफास्ट में कार्ब और प्रोटीन को शामिल करें और फास्ट फूड, चिप्स, चॉकलेट से दूरी बनाकर रखें. इससे आपको बीमारी छू भी नहीं पाएगी.

बॉडी को गर्म और ढककर रखें- ठंड के मौसम में हमेशा ही गर्म कपड़े पहनकर रखना चाहिए, जिससे आपका पूरा शरीर ढका हुआ रहे. इसका कारण है कि सर्दी में वायरल फीवर बढ़ जाता है. ऐसे में गर्म कपड़े आपको सुरक्षित रखेंगे और मौसमी बीमारियों से बचाएंगे.

पानी का ज्यादा सेवन करें- सर्दी में बहुत से लोग कम पानी पीते हैं. इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि शरीर में पानी की कमी होने न पाए और हाइड्रेशन बना रहे, क्योंकि ऐसा करने से ही आप खुद को फिट रख पाएंगे. शरीर के हाइड्रेट रखने से स्किन, सेहत और बालों की सेहत अच्छी बनी रहेगी. आप एक्टिव भी महसूस करेंगे.

डाइट में ये करें शामिल- डाइट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सर्दी के मौसम में फ्लू, जोड़ों का दर्द और इंफेक्शन तेजी से बढ़ते हैं. ऐसे में इनसे बचने के लिए अपनी डाइट को दुरुस्त रखना चाहिए. डाइट में ओमेगा-3 फैटी एसिड का सेवन ज्यादा करना चाहिए. अखरोट, बादाम, अलसी काफी अच्छे माने जाते हैं. इससे इम्यूनिटी बढ़ती है और बीमारियां आपसे दूर रहती हैं।

डाइट में ओमेगा-3 फैटी एसिड लें- सर्दी के मौसम में फ्लू, जोड़ों का दर्द और संक्रमण के मामले ज्यादा बढ़ जाते हैं. इनसे बचाव के लिए आपको ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट लेनी चाहिए. जैसे कि अखरोट, बादाम, अलसी और फैटी फिश. ये सभी चीजें नेचुरल एंटी इंफ्लेमेटरी होती हैं और इनमें एंटीऑक्सीडेंट भी होता है जिससे इम्यूनिटी बढ़ती है.

फल और सब्जियां खाएं- सर्दियों के मौसम में खाने-पीने के बहुत से विकल्प होते हैं. इस मौसूम में खूब सारे फल और सब्जियां खानी चाहिए. इससे आपके शरीर में पर्याप्त मात्रा में विटामिन A, C, B और फाइबर पहुंचेगा. सब्जियों और फलों की अच्छी मात्रा इम्यूनिटी बढ़ाती है और मेटाबोलिज्म बेहतर करती है. इससे शरीर सर्दियों में अंदर से फिट रहता है.

बार-बार खाने की आदत से बचें- इस मौसम में कार्ब का सेवन बढ़ जाता है. हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार अधिक कार्ब्स खाने से सेरोटोनिन हार्मोन बढ़ता है जिससे मूड अच्छा रहता है. इससे बार-बार खाने की इच्छा बढ़ती जाती है. इससे बचने के लिए हेल्दी ब्रेकफास्ट करें जिसमें कार्ब और प्रोटीन का सही मिश्रण हो. भूख लगने पर मेवे, सीड्स और फल खाएं और चिप्स, चॉकलेट से दूर रहें।

भारतीय नौसेना : विश्व की पांचवी सबसे बड़ी नौसेना

भारतीय नौसेना का इतिहास

भारतीय नौसेना भारतीय सेना का समुद्र में सैनिक प्रतिनिधित्व करती है. लगभग 50 हजार नौसेनिको से लैस यह विश्व की पाँचवी सबसे बड़ी नौसेना है. एशिया की यह सबसे बड़ी नौसैनिक ताकत है. चीन से भी बड़ा नौसेनिक बेड़ा भारत के पास मौजूद है. भारतीय नौसेना के पास दुनिया की वह हर तकनीक है जो इसे एक आधुनिक और विध्वंसक सैन्य ताकत में तब्दील करती है. भारतीय नौसेना अपने विध्वसंको, विमान वाहक जहाजो और बेहतरीन पनडुब्बियों के लिए जाना जाता है.

भारतीय नौसेना का गठन सन् 1613 ई. में हुआ. ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपनी समुद्री सीमाओं के विस्तार के लिए इंडियन मेरीन की स्थापना की. 1685 ई. में इसका नाम बदल कर 'बंबई मेरीन' कर दिया गया. 1857 की क्रांति के बाद भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन का अंत हो गया और बंबई मेरीन सीधे इंग्लैण्ड के अधीन हो गई. 8 सितंबर 1934 ई. को भारतीय विधानपरिषद् ने भारतीय नौसेना अनुशासन अधिनियम पारित किया और बंबई मेरीन का नाम बदल कर रॉयल इंडियन नेवी कर दिया गया. आजादी के बाद रॉयल इंडियन नेवी से रॉयल शब्द हटा दिया गया.

भारत में नौसेना का इतिहास

भारत में ज्यादतर लडाइयां मैदानों में लड़ी गई और नौसेना का वैसा उन्नत उदाहरण कहीं देखने को नहीं मिलता. कोलम्बस पहला नाविक रहा जिसने समुद्र के रास्ते भारत पहुंचने में सफलता प्राप्त की. अधिकारिक तौर पर सबसे पहले यूरोपीय ही अपने समुद्री बेड़े लेकर भारत की बंदरगाहों तक पहुंचे. डच, फ्रांसीसी और अंग्रेजी बेड़ो ने पहले पहल नौसेनिक दस्तक दी. 5 सितंबर 1612 को ईस्ट इंडिया कंपनी के लड़ाकू जहाजों (युद्धपोतों) का पहला बेड़ा सूरत के बंदरगाह पर पहुँचा था. यह बेड़ा 'द ऑनरेबल ईस्ट इंडिया कंपनीज़ मॅरीन' कहलाता था. बाद में यह 'द बॉम्बे मॅरीन' कहलाया गया. पहले विश्व युद्ध के दौरान इस नौसेना का नया नाम 'रॉयल इंडियन मॅरीन' रखा गया. द्वितीय विश्व युद्ध आते-आते रॉयल इंडियन नेवी में लगभग आठ युद्धपोत थे. युद्ध के ख़त्म होने तक पोतों की संख्या बढ़कर 100 हो गई थी. द्वितीय विश्वयुद्ध के समय नौसेना का विस्तार हुआ और अधिकारी तथा सैनिकों की संख्या 2,000 से बढ़कर 30,000 हो गई एवं बेड़े में आधुनिक जहाजों की संख्या बढ़ने लगी. स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत की नौसेना नाम मात्र की थी. विभाजन की शर्तों के अनुसार लगभग एक तिहाई सेना पाकिस्तान को चली गई. कुछ अतिशय महत्व के नौसैनिक संस्थान भी पाकिस्तान के हो गए. 26 जनवरी 1950 को भारत गणतंत्र बना और इस दिन भारतीय नौसेना ने अपने नाम के सामने से रॉयल नाम को त्याग दिया. उस समय भारतीय नौसेना में 32 नौ-परिवहन पोत और लगभग 11,000 अधिकारी और नौसैनिक थे. भारतीय नौसेना के पहले कमांडर-इन-चीफ़ रियल एडमिरल आई.टी.एस. हॉल थे. पहले भारतीय नौसेनाध्यक्ष (सी.एन.एस.) वाइस एडमिरल आर.डी. कटारी थे, जिन्होंने 22 अप्रैल 1958 को कार्यभार संभाला. भारत सरकार ने नौसेना के विस्तार की तत्काल योजना बनाई और एक वर्ष बीतने के पहले ही ग्रेट ब्रिटेन से 7,030 टन का क्रूजर 'दिल्ली' खरीदा. इसके बाद ध्वंसक राजपूत, राणा, रणजीत, गोदावरी, गंगा और गोमती खरीदे गए. इसके बाद आठ हजार टन का क्रूजर खरीदा गया. इसका नामकरण मैसूर हुआ. 1964 ई. तक भारतीय बेड़े में वायुयानवाहक, विक्रांत (नौसेना का ध्वजपोत), क्रूजर दिल्ली एवं मैसूर दो ध्वंसक स्क्वाड्रन तथा अनेक फ्रिगेट स्कवाड्रन थे, जिनमें कुछ अति आधुनिक पनडुब्बीनाशक तथा वायुयाननाशक फ्रिगेट सम्मिलित किए जा चुके थे. ब्रह्मपुत्र, व्यास, बेतवा, खुखरी, कृपाण, तलवार तथा त्रिशूल नए फ्रिगेट हैं, जिनका निर्माण विशेष रीति से हुआ है. कावेरी, कृष्ण और तीर पुराने फ्रिगेट हैं जिनका उपयोग प्रशिक्षण देने में होता है. कोंकण, कारवार, काकीनाडा, कणानूर, कडलूर, बसीन तथा बिमलीपट्टम से सुंरग हटानेवाले तीन स्क्वाड्रन तैयार किए गए हैं. छोटे नौसैनिक जहाजों के नवनिर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है और तीन सागरमुख प्रतिरक्षा नौकाएँ अजय, अक्षय तथा अभय और एक नौबंध ध्रुवक तैयार हो चुके हैं. कोचीन, लोणावला, तथा जामनगर में भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण संस्थान हैं. आई एन एस अरिहन्त भारत की नाभिकीय उर्जा पनडुब्बी है।

नौसेना का संगठन

नौसेनाध्यक्ष जो एडमिरल रैंक का अधिकारी होता है को उप-नौसेनाध्यक्ष (वाईस एडमिरल या रियर एडमिरल) के दर्ज़े के पाँच मुख्य स्टाफ़अधिकारियों का सहयोग मिलता है. भारतीय नौसेना कुल तीन नौसैनिक कमान हैं.

1.पश्चिमी कमान (कार्यकारी मुख्यालय मुंबई में),
2.पूर्वी कमान (कार्यकारी मुख्यालय विशाखापट्टनम में)
3.दक्षिणी कमान (कार्यकारी मुख्यालय कोच्चि में)

प्रत्येक कमान का प्रमुख एक फ़्लैग ऑफिसर उप-नौसेनाध्यक्ष (वाइस एडमिरल) के पद वाला मुख्य अधिकारी होता है. भारतीय नौसेना प्राद्वीपीय भारत के 6,400 किलोमीटर लंबे समुद्रतट की सुरक्षा के लिए ज़िम्मेदार है. एक स्वतंत्र अर्द्ध सैनिक सेवा, भारतीय तटरक्षक (इंडियन कोस्ट गार्ड) भारतीय नौसेना भारत के समुद्रवर्ती और अन्य राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण योगदान उपलब्ध कराती है।

भारतीय नौसेना के सतह जहाज

विक्रमादित्य, विराट, दिल्ली श्रेणी, राजपूत श्रेणी, कोलकाता श्रेणी। तिर श्रेणी, पाल जहाज/नाव, सागरधवानी श्रेणी। संधायक श्रेणी, मकर श्रेणी। रिंकेत श्रेणी, सुपर दवोरा ॥ श्रेणी, बंगाराम क्लास, कार निकोबार श्रेणी, तत्काल सहायता जलयान। बेड़ा टैंकर, टारपीडो रिकवरी जलयान, सागर टग, निरीक्षक श्रेणी। सुकन्या श्रेणी, सरयू श्रेणी, कारवार श्रेणी। कुम्भिर श्रेणी, एलसीयू (एम -3) श्रेणी। ऑस्टिन श्रेणी, श्रदुल कॉस, मगार श्रेणी। वीर श्रेणी, अभय श्रेणी। कोरा श्रेणी, खुकरी श्रेणी। ब्रह्मपुत्र श्रेणी, गोदावरी श्रेणी, लिएंडर (नीलगिरि) श्रेणी। शिवालिक श्रेणी, तलवार श्रेणी, कमोरटा श्रेणी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तुझको सब अर्पण

तुझको सब अर्पण कर दूं मैं, तेरी मुस्कान को देखकर मैं,, तुझको जिया तूझे पाकर मैं खुद को पाया तुझमें ही मैं तेरी इक मुस्कान ज़िन्दगी है मेरी उदासी तेरी छीन लेती है मुझेरोती है तू तो हर शै रोता हूं मैं तेरी हंसी से ही हंसता हूं मैं तुझको सब अर्पण कर दूं मैं, तेरी मुस्कान को देखकर मैं।

– ललित उपाध्याय

पुरुष रिटायर्मेंट की

पुरुष रिटायर्मेंट की उम्र के बाद काम करें या न करें उनकी इच्छा पर हाउस वाइफ घर मे क्या खराब हो रहा है कैसे सब का खाना पीना होगा के चक्कर में कुछ न कुछ काम लगा ही रहता है चौबीस घंटे की फुल जॉब और पति कहें करती क्या हो पड़ोसन कहें भाभी जी आपके तो मजे हैं।

– सुनिता पुष्पराज पाण्डेय

खास पाती

आंख पत्थर की ये नम

आंख पत्थर की ये नम रहने भी दे। ज़िंदगी थोड़े तो ग़म रहने भी दे। इतना आसां भी नहीं मरना बशर मुस्कुराने की कसम रहने भी दे। सर टिका लेने दे बस शानों पे तू जिंदगी के पेच ओ ख़म रहने भी दे। आ गई लेने कज़ा घर तक तुझे अब तो लहज़े के यह ख़म रहने भी दे। कर्ज़ तेरा फिर चुकाने आऊंगी तू बकाया कुछ रकम रहने भी दे। रोज़ थोड़ा मर रही हूं खुद ही मैं ऐ खुदा अपने सितम रहने भी दे। तोड़ ना यूँ हौसलों को वंदना रास्ते में ये कदम रहने भी दे।

– वंदना मोदी गोयल

यादों की तश्तरी में वह गोधूलि

यादों की तश्तरी में वह गोधूलि शाम बेहद खूबसूरत थी डूबता सूरज मद्धिम अंधेरा, सुरमयी सी गहराइयों में उसका होले से संबल देना उन बेतरतीब आंसुओं को मेरे कपोल से उठा भीनी मुस्कुराहट के साथ अपने पास सहेजते हुए पसरे हुए मौन में संवाद भरते हुए उम्मीद की जद में अभी भी जमाना है जो सोचा है वो पाना है यूँ नहीं आंसुओं को बहाना है इश्क फिर मुकम्मल करना है।

– रेनू शब्दमुखर

एक कली मधुमास की प्यार

एक कली मधुमास की, प्यार तुम्हारा पाय। खिलकर पूरे बाग को, रही खूब महकाय। पुष्प तुम्हारे बाग का, सुख नैनों को देय। प्रेम-भाव जागृत करे, दुख सारे हर लेय। ठूंठों को भाता नहीं, खिला हुआ उद्यान। जैसे कौओं को नहीं, रुचता कोयल-गान।। कमी न पानी, खाद की, फिर भी खिला न फूल। प्रीति बिना इस बाग में, उगे हुए हैं शूल।।

–राजकुमार धर द्विवेदी

एक हथेली में ख़्वाब बन्द है दूजी में चाहना किसे चुनोगी लड़के

एक हथेली में ख़्वाब बन्द है दूजी में चाहना किसे चुनोगी? लड़के ने दोनों हाथ बढ़ाते हुए कहा। लड़की ने ख़्वाब वाली हथेली को सूँघ कर कहा इसमें तुमसा कोई भी हो सकता है। पर इस चाहना वाली हथेली में सिर्फ़ तुम्हारी गंध है। मुझे तुमसा नहीं सिर्फ़ तुम चाहिए। **– कल्पना पाण्डेय**

कैसे ढूंढा जाता है हीरे को अपनी खदानों से कैसे पहचाना जाता है

कैसे ढूंढा जाता है हीरे को अपनी खदानों से। कैसे पहचाना जाता है परिंदों को उड़ानों से। अगर सीखना है तो सीखें, उदाहरण हैं बिखरे हुए। कर्मठ माली भेज देती है प्रकृति अपने बागानों से।

– डॉ मीनू मिश्रा पाण्डेय

रेम के जाल में न फसाया करें

रेम के जाल में न फसाया करें हर किसी को न अपना बनाया करें बेवजह टूटकर दिल बिखर जायेगा राह चलते न पागल बनाया करें।

– कृष्णा प्रवीण शुक्ला

जाना है तो चली जा बस

जाना है तो चली जा बस इतना याद रखना, कभी तुम मेरी ही थी बस इतना याद रखना। मिल गया कोई नया समंदर तुम्हें इस ज़माने में, बुझाती प्यास है नदियां बस इतना याद रखना।

– संजय सिंह राजपूत

QUIZ TIME

1) किस राज्य में भारत के सबसे लंबे सिंगल लेन मोटरेबल सस्पेंशन ब्रिज का उद्घाटन किया गया?
2) किस देश ने विश्व के सबसे बड़े रेडियो टेलिस्कोप का निर्माण किया है?
3) अमेरिकी स्पेस फोर्स ने अपने जवानों को क्या नया नाम दिया है?
4) 1930 में आयोजित विश्व फुटबॉल का विजेता कौन था ?
5) भारत के कॉमिक्स हीरो चाचा चौधरी को किस परियोजना का ब्रांड एम्बेसडर चुना गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) उत्तराखंड (2) चीन (3) गार्जियंस (4) उरुग्वे (5) नमामि गंगे परियोजना

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1748-फ्रांस के रसायन शास्त्री बर्टले का जन्म। 1860-गोवा के मारगाव के अगस्टिनो लॉरेंसो ने पेरिस विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि ली। वह विदेशी विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि लेने वाले पहले भारतीय बने। 1888-इतिहासकार रमेश चंद्र मजूमदार का जन्म। 1910-भारत के आठवें राष्ट्रपति रामस्वामी वेंकटरमण का जन्म। 1910-हिंदी सिनेमा के अभिनेता मोतीलाल का जन्म। 1919-भारत के प्रधानमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल का जन्म। 1952-इंग्लैंड में स्मॉग की घनी परत के छा जाने के कारण हजारों लोगों की जान चली गई थी। 1959-भारत और नेपाल के बीच गंडक सिंचाई एवं विद्युत परियोजना पर हस्ताक्षर। 1962-हिन्दी में शिष्ट हास्य लिखने वाले कलाकारों में अग्रणी लेखक अन्नपूर्णानन्द का निधन। 1971-संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भारत और पाकिस्तान के बीच खराब होते हालात के मद्देनजर आपात सत्र बुलाया। 1971-भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान नौसेना और कराची पर हमला किया। 1977-मिस्र के विरुद्ध अरब मोर्चा गठित। 1984-हिजबुल्ला आतंकवादियों ने कुवैत एयरलाइन के विमान का अपहरण कर चार यात्रियों की हत्या की। 1995-अमेरिका डेविस कप में चैंपियन बना। 2003-अशोक गहलोत 12वीं राजस्थान विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। 2004-पेरू की मारिया जूलिया मांतिला गार्शिया को मिस वर्ल्ड चुना गया। 2006-फ्लिपींस के एक गाँव में आये तूफ़ान के बाद ज़मीन धंसने से लगभग एक हज़ार लोगों की मौत।

पेट के असहनीय दर्द से कैंसर मरीजों को मेकाहारा में मिला छुटकारा

रायपुर/नवप्रदेश। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी में दर्द से जूझ रहे लोगों के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय (मेकाहारा)का रेडियोलॉजी विभाग मरहम की तरह साबित हो रहा है। यहां रेडियोलॉजी विभाग के इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ.(प्रो.) विवेक पात्रे के नेतृत्व में पेट एवं पित्त की थैली के कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे तीन मरीजों को हाल ही में सीलिएक प्लेक्सस ब्लॉक इंजेक्शन के माध्यम से दर्द निवारक उपचार देकर जीवन को दर्द रहित बनाया है। डॉ. विवेक पात्रे के अनुसार पेट एवं पित्त की थैली के कैंसर से जूझ रहे तीन मरीजों का उपचार बगैर चीरा लगाये किया गया है। इस उपचार के बाद आगे लम्बे समय तक तीनों मरीज अपना जीवन दर्द रहित जी सकते हैं। सीलिएक प्लेक्सस नसें पाचन तंत्र के अंगों जैसे पित्ताशय, आंत, यकृत, अग्नाशय और पेट से, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को संकेत भेजती है। कैंसर के ट्यूमर सीलिएक प्लेक्सस पर दबाव डालते हैं, जिससे दर्द होता है। सीलिएक प्लेक्सस ब्लॉक, इंजेक्शन द्वारा दिया जाने वाला दर्द निवारक उपचार है जिसमें ब्लॉक के पश्चात् सीलिएक प्लेक्सस नसों के माध्यम से मस्तिष्क को दर्द संदेश नहीं पहुंचता।

कैंसर में पेट दर्द का कारण

कैंसर की कोशिकाएं पेट में या शरीर में अन्य जगहों पर फैल जाती हैं एवं आसपास के दर्द को ले जाने वाली नसों को भी प्रभावित करती है चूंकि कैंसर एक लम्बे समय तक रहने वाली बीमारी है तो इसका दर्द भी लंबे समय तक बना रहता है। कैंसर के ज्यादा फैलने से दर्द की दवाइयां भी अपेक्षाकृत असर कम करती है इसलिए पेट के कैंसर के मरीज जिनमें बीमारी फैल चुकी होती है अक्सर अत्यधिक पेट दर्द से प्रभावित/परेशान रहते हैं।

ऐसी है बिना चीरा लगाए ऑपरेशन की प्रक्रिया

डॉ. विवेक पात्रे बताते हैं कि सीलिएक प्लेक्सस न्यूरोलाइसिस ऐसी प्रक्रिया है जिसमें ऊपरी पेट से दर्द की संवेदना को मस्तिष्क तक ले जाने वाली नसें (सीलिएक प्लेक्सस) में सीटी स्कैन मशीन की मदद से इंजेक्शन के जरिए (फ िनाल) को डाला जाता है। फीनाल का असर डालते ही तुरंत आ जाता है एवं मरीज को तुरंत दर्द से राहत मिल जाती है। रीढ़ की हड्डी और किडनी के बीचों-बीच से, महाशिरा और महाधमनी से होते हुए सीलिएक प्लेक्सस तक पहुंचकर दवाई डालना बहुत जोखिम भरा रहता है।

छग में ईडी की कार्यवाही भाजपा की राजनैतिक हताशा : कांग्रेस

- मोदी सरकार नान घोटाला, चिटफंड घोटाले का ईडी से जांच क्यों नहीं करवा रही
- जहां विरोधी दल से भाजपा मुकाबला नहीं कर पाती वहां ईडी, सीबीआई को भेजती है

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री सचिवालय की उपसचिव पर ईडी द्वारा की गयी कार्यवाही को कांग्रेस ने भाजपा की राजनैतिक हताशा बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का राजनैतिक रूप से मुकाबला नहीं कर पा रही है तो वह केंद्रीय जांच एजेंसियों को दुरूपयोग कर कांग्रेस सरकार की छवि खराब करने का षड़यंत्र रच रही है। भाजपा के इस अतिवादी चरित्र को पूरा प्रदेश और देश देख रहा है। छत्तीसगढ़ में मुद्दों के दिवालियेपन से जूझ रही, भाजपा लगातार मनगढ़त आरोपों के आधार पर राजनीति करने का प्रयास किया है लेकिन वह हमेशा असफल साबित हुई है। इसके पहले भी भाजपा ने मुख्यमंत्री और सरकार की छवि खराब करने के लिये अनेक प्रयास किया है लेकिन उसमें वह बुरी तरह से नाकामयाब साबित हुई है। इस बार भी भाजपा के षड़यंत्रों का वही हश्र होगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने देश भर में अपने मुखर विरोधी राज्य सरकारों के खिलाफ ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग किया है।

विरोधी दलों की सरकारों को प्रताड़ित करने का काम किया है। पं. बंगाल में तृणमूल की ममता बेनर्जी, झारखंड हेमंत सोरेन सरकार, दिल्ली के केजरीवाल के उप मुख्यमंत्री सिसोदिया, पंजाब की पूर्व कांग्रेस की चन्नी सरकार जैसे अनेकों उदाहरण जहां पर भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से भय और आतंक फैलाने का प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ में की गयी ईडी की कार्यवाही भी भाजपा के उन्हीं षड़यंत्रों का हिस्सा है।

एनएमडीसी ने नवंबर में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया

हैदराबाद/नवप्रदेश। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने नवंबर 2022 के महीने में लौह अयस्क का 3.61 मिलियन टन उत्पादन और 3.04 मिलियन टन बिक्री दर्ज की। कंपनी ने नवंबर 2021 में अपने निष्पादन की तुलना में उत्पादन में 8% और बिक्री में 5.5% की वृद्धि दर्ज की है। सितंबर-अक्टूबर-नवंबर 2022 की अवधि के लिए एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन कंपनी के इतिहास में इन महीनों में लगातार सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के रूप में दर्ज किया गया है। पिछले तीन महीनों में लौह अयस्क के असाधारण उत्पादन के साथ, खनन क्षेत्र का प्रमुख संगठन वित्त वर्ष 2023 में सभी रिकॉर्डों को पार करने की तैयारी कर रहा है। कंपनी के सफल प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुमित देब ने कहा, इस्पात की मांग में वृद्धि के साथ, हम उत्पादन बढ़ाने और लौह अयस्क की निरंतर बडी मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं। पिछले तीन महीनों में हमारे निष्पादन में वृद्धि असाधारण रही है और यह नए बेंचमार्क स्थापित करके आत्मनिर्भर राष्ट्र के प्रति एनएमडीसी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है ।

अनुकूल चन्द्र के 135वें जन्मोत्सव में शामिल हुई राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल अनुसुईया उइके ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के 135 वें जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। राज्यपाल ने सर्वप्रथम ठाकुरजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके समस्त अनुयायियों की मंगलकामना की।

इस दौरान उनके अनुयायियों ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया। राज्यपाल ने जीवन संघर्ष साझा करते हुए कहा कि महान व्यक्तित्वों के सानिध्य से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं और उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव भी बताए। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के लोग सत्संग से जुड़े हैं। जब हम ईश्वर के सदृश मानकर किसी के प्रति आस्था रखते हैं तो यह विश्वासपूर्ण प्रेम से लोगों की कामना पूरी होती है। राज्यपाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ठाकुर जी ने मानव सेवा को प्राथमिकता देते हुए समाज के भलाई के लिए निरंतर कार्य किए। पृथ्वी के समस्त जीवों का कल्याण उनका सर्वोच्च स्वार्थ और मनुष्य के निर्मल प्रेम को पाना ही उनकी परम प्राप्ति रही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सांस्कृतिक मूल्यों का पतन, अनियमित दिनचर्या व जीवनशैली और केवल भौतिक सुख की इच्छा, मानव समाज के समक्ष एक बड़ी चुनौती बनकर खड़ी है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक पर नुकीली हथियार से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। सीतलापारा गुढ़ियारी में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर नुकीली चीज से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीतलापारा गुढ़ियारी निवासी प्रार्थी जानू साहू 20 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी बाची ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर नुकीली चीज से सिर में मारकर चोट पहुंचाया।

11 से बिलासपुर–नागपुर के बीच पटरी पर आएगी वंदेभारत

रायपुर/नवप्रदेश। देश के प्रमुख शहरों में वंदेभारत की सौगात मिलने के बाद अब इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ को भी वंदेभारत की सौगात मिलने जा रही है। अभी तक जो जानकारी मिली है उसके अनुसार इसी महीने की 11 तारीख से यह बिलासपुर और नागपुर के बीच पटरियों पर दौड़ती हुई नजर आएगी।

हालांकि रेलवे की ओर इसके बारे में किसी भी प्रकार की कोई अधिकृत जानकारी या सूचना इस बारे में अभी तक जारी नहीं की गई है। लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल वंदेभारत की रैक बिलासपुर नहीं पहुंची है और इसे लेने के लिए शीघ्र ही एक टीम रवाना होगी। संभावना व्यक्त की जा रही है कि 9 दिसंबर तक यह रैक बिलासपुर पहुंच जाएगी। रेलवे बोर्ड से स्वीकृति मिलने के बाद जोन और मंडल के रेल अफसरों ने कोचिंग डिपो का निरीक्षण करना शुरू कर दिया है। परिचालन, मैकेनिकल, विद्युत, कमर्शियल विभाग के अधिकारी इसकी तैयारी में जुटे हैं।

उल्लेखनीय है कि देश में शुरु की गई वंदेभारत 160 किलोमीटर की रफ्तार से पटरियों पर दौड़ रही है और भविष्य में इसको 200 किलोमीटर तक दौड़ाने की योजना रेलवे बोर्ड की है। वंदेभारत पूरी तरह से वातानुकूलित होने के साथ ही मेट्रो के तर्ज पर इसके ऑटोमेटिक गेट हैं जो निर्धारित स्टेशन आने पर स्वंयमेव खुल जाएंगे।

सुरक्षा की दृष्टि से वंदेभारत में सिक्योरिटी के लिहाज से सीसीटीवी भी लगाए गए हैं। इस ट्रेन के लगेज रैक में एलईडी डिफ्यूज लाइट्स लगी हैं, जो अक्सर विमानों में लगी होती हैं। बिलासपुर से नागपुर के बीच शुरु होने वाली वंदेभारत की जो संभावित समय सारिणी बताई जा रही है उसके अनुसार इसके कुल तीन स्टॉपेज बताए जा रहे है

पुराने विवाद पर युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। बीएसयूपी कालोनी भाठागांव में तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग निवासी प्रार्थी रोहित शर्मा 21 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि बीएसयूपी कालोनी भाठागांव में कल शाम आरोपी सौरव ठाकुर, राजू व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ी मोपेड पार

रायपुर/नवप्रदेश। मोवा पंडरी में खड़ी मोपेड को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कांपा मोवा निवासी प्रार्थी रविशंकर धीवर 38 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी 04 एनएल 4027 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घरेलू विवाद पर युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम मंगोली में घरेलू विवाद पर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मंगोली निवासी प्रार्थी जयनारायण कंड्रा 34 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी डेरहाराम, राजू व छोटू ने घरेलू विवाद पर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नशीली सिरप बेचते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतिबंधित सिरप बेचने ग्राहक तलाशते एक युवक को आमानाका पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 नग सिरप और नकदी 900 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि छठ तालाब के पास हीरापुर में एक युवक नशीली प्रतिबंधित सिरप बेचने ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अमान उल्ला 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 नग सिरप जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 1510 रुपए है। वहीं बिक्री रकम नकदी 900 रुपए जब्त किया है।

ऑटो चालक ने बुजुर्ग से किया मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। आटो किराया के विवाद पर चालक ने बुजुर्ग से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार जय जवान चौक तेलीबांधा निवासी प्रार्थिया मनोरमा बघेल 60 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि अग्रसेन धाम चौक लाभांडी में प्रार्थिया एवं इसके पति को ऑटो किराया की बात पर ऑटो क्रमांक सीजी 04 टी 9290 के चालक ने विवाद कर जबरन ऑटो रिक्शा में उसके पति भरत बघेल को बिठाकर प्रोफेसर कालोनी ले जाकर गाली-गलौज कर मारपीट किया।

युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम कनकी में दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कनकी निवासी प्रार्थी नरोत्तम धीवर 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी बाउ धीवर व किशोर धीवर आपस में गाली-गलौज कर रहे थे।

छग में कांग्रेस के रहते आरक्षण कभी सुचारू रूप से लागू नही हो सकता : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आरक्षण विधेयक पास तो गया है, लेकिन मामला अभी भी शांत होता नहीं दिखाई दे रहा है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल का कहना है कि अनुसूचित जाति के आरक्षण को 16 प्रतिशत करने एवं पूरे देश में आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के आरक्षण को 10 प्रतिशत करने के प्रस्ताव को कांग्रेस ने नहीं माना है जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसे सहमति दी है। इससे कांग्रेस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वो किसी वर्ग को आरक्षण देने के हितेशी नही है। कांग्रेस ने हर वर्ग को निराश किया है। आरक्षण के साथ-साथ कांग्रेस की विफलता से प्रमोशन में भी आरक्षण पर रोक लगी, कांग्रेस के रहते आरक्षण कभी सुचारू रूप से लागू नही हो सकता। चंदेल ने आरक्षण पर प्रस्तुत हुए विधेयक पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आरक्षण के प्रति कांग्रेस की नीयत में खोट है, इसमें कोई शक नहीं है। इसके कई प्रमाण मौजूद हैं। कांग्रेस सरकार पहले से लागू 58 प्रतिशत आरक्षण बचा नहीं पाई। आरक्षण के प्रति बदनीयती की वजह से कोर्ट में पैरवी के लिए वकील तक नहीं भेजे। पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने के लिए कांग्रेस ने स्वयं अपने आदमी को भेजा और जब पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर रोक लगी तब उस व्यक्ति की ताजपोशी हुई और उसे कबीर शोध पीठ का अध्यक्ष बनाया। ऐसे ही आदिवासी समाज का आरक्षण छीनने वाले को एक प्रमुख आयोग का अध्यक्ष बनाया। कांग्रेस सरकार के ही दिग्गज मंत्री कवासी लखमा ने इस बात को स्वीकार किया, आदिवासियों का आरक्षण छीनने वाले को आयोग का अध्यक्ष बनाकर गलत किया गया। कांग्रेस के ही नेता लगातार आरक्षण के खिलाफ कोर्ट जाते रहे, जिसमें कांग्रेस की पूर्व विधायक पदमा मनहर और वरिष्ठ नेता पी आर खूंटे भी शामिल रहे।

छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार रोजगार देने में सबसे आगे: वंदना

रायपुर। सेंटर फ ार मानिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के जारी किये गये ताजा रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ में सबसे कम बेरोजगारी दर 0.1 प्रतिशत होने पर प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व का परिणाम है कि बेरोजगारी दर मात्र 0.1 रह गई है और रोजगार देने के मामले में छत्तीसगढ़ देश में सबसे आगे है। छत्तीसगढ़ में बीते पौने चार साल के भीतर अनेक ऐसे नवाचार हुए हैं। जिनसे शहर से लेकर गांव तक हर हाथ को काम मिला है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समय-समय पर कई ऐतिहासिक निर्णय लिये है जिसका परिणाम रहा है कि प्रदेश में बेरोजगारी दर मात्र 0.1 प्रतिशत पर आ गया है। जबकि केन्द्र सरकार के अकुशल नेतृत्व का परिणाम है कि देश में बेरोजगारी दर का यह आंकड़ा 8.2 प्रतिशत में पहुँच गया है।

मुख्यमंत्री ने भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और मेजर ध्यानचंद को किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। आज डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती और मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि है। मुख्यमंत्री बघेल ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि राजेन्द्र बाबू भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महत्वपूर्ण राजनेताओं में से एक थे।

उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में देश को एक मजबूत संविधान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने राष्ट्रपति रहते हुए स्वतंत्र तथा निष्पक्ष कार्य की मिसाल प्रस्तुत की। उनके श्रेष्ठ जीवन मूल्य और अमूल्य विचार हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने हॉकी के जादूगर पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि पर उनकी उपलब्धियों और खेल के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद के जादुई खेल से भारत को ओलंपिक खेलों में तीन स्वर्ण पदक हासिल हुए। मेजर ध्यानचंद का खेल के प्रति समर्पण और देश प्रेम की भावना हम सबके लिए प्रेरणादायक है।

राज्य स्तरीय मेगा जॉब फेयर में दिव्यांगजन भी 6 तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए मेगा जॉब फेयर का आयोजन राजधानी रायपुर में किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय मेगा रोजगार फेयर में दिव्यांगजन भी शामिल हो सकते है। इच्छुक दिव्यांग आवेदक ऑनलाईन लिंक पर 6 दिसम्बर तक निःशुल्क आवेदन कर सकते है। प्रस्तावित रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र के 9 सेक्टरों में रिक्त 46 हजार 616 पदों पर भर्ती की कार्रवाई की जाएगी। इन सेक्टरों में अपेरल, बैंकिंग एवं फायनेंसियल, आई.टी-आईटीईएस, हेल्थकेयर टूरिज्म एण्ड हॉस्पिलिटी, लॉजिस्टिकस, मैन्यूफैक्चरिंग, रिटेल, सिक्योरिटी शामिल है। विशेष रोजगार कार्यालय की उपसंचालक डॉ शशीकला अतुलकर ने बताया कि आई.टी.आई, पॉलिटेक्निक, इंजिनियरिंग उत्तीर्ण दिव्यांग आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

दिव्यांग बच्चों को सहानुभूति नहीं हमारे साथ की जरूरत : प्रमोद

- अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर रायपुर नगर निगम के अध्यक्ष व पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने अपना जन्मदिन शनिवार को अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर मनाया। बच्चों के साथ तरबूज-पपीता फल काटकर उन्होने स्वंय अपने हाथों से इन बच्चों को फल खिलाया और कहा कि शहर में दर्जनों कार्यक्रम आज जन्मदिन के अवसर पर शुभचिंतकों ने रखे थे उनकी भावनाओं का पूरा सम्मान करते हुए शामिल भी हुए लेकिन इन दिव्यांग बच्चों के बीच आकर जो खुशियां मिली और उन्होने अपने शाब्दिक तरीके से जो बधाई दी वाकई अनमोल और सबसे बड़ा तोहफा है। दिव्यांगता एक शारीरिक अवस्था है, जिसका प्रतिभा पर प्रभाव नहीं पड़ता। इन दिव्यांग बच्चों में भी हौसले और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें हमारी सहानुभूति नहीं हमारे साथ की जरूरत है, जिससे ये अपने हौसलों को उड़ान दे सकें। बच्चों ने आई लव माय इंडिया गाने पर नृत्य कर शानदार प्रस्तुति भी दी।

इस मौके पर अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, मृत्युंजय शुक्ला, धनंजय त्रिपाठी, डा. संजय पांडे, नीलेश मूंदड़ा, बाकर अब्बास, श्रीराम दुबे, अविनय दुबे, सुयश शर्मा, स्कूल प्राचार्या व स्टाफ के साथ कालोनी के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।

बच्चों ने ड्रोन टेक्नोलॉजी को समझा और स्वयं उड़ाना भी सीखा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर में 29 नवम्बर से 03 दिसम्बर 2022 तक पाँच दिवसीय हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन रीजनल साईस सेन्टर के महानिदेशक डॉ. एस कर्मकार ने किया। कार्यशाला में बच्चों ने ड्रोन उड़ाने और उसकी टेक्नालॉजी सहित उनके उपयोग की जानकारी ली। बच्चों ने कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी भविष्य की टेक्नोलॉजी है। हमने साईंस सेंटर की सहायता से सिर्फपरिचित ही नहीं हुए, बल्कि उसे स्वयं उड़ाकर भी देखा। साईस सेंटर की यह कार्यशाला विज्ञान के नवीन तकनीकों को सीखने के लिए बेहतर प्लेटफार्म है। कार्यशाला का आयोजन परियोजना संचालक डॉ. शिरिष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुआ।

यह आयोजन दो दिनों की थ्योरी कक्षाओं के साथ शुरू हुआ। साथ ही अगले तीन दिनों की असेम्बिलिंग और ड्रोन फ्लाईग सेशन के साथ समाप्त हुआ। इस कार्यशाला में स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, लालपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अमलीडीह के नवमी से बारहवीं तक के कुल 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि कार्यशाला के दौरान 02 नवम्बर को कुछ समय के लिए जशपुर के पहाड़ी कोरवा बच्चे भी शामिल हुए। उन्होंने साईस सेंटर का अवलोकन किया और ड्रोन के बारे में भी जाना। प्रशिक्षकों ने जानकारी दी कि आगामी कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट एवं एयरो मॉडलिंग पर दो और हैण्ड्स ऑन कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में आए छात्रों तथा उनके शिक्षक एवं अभिभावकों ने पूर्व में रीजनल साईस सेंटर में आयोजित 10 दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला की सराहना की। इस कार्यशाला के दौरान अन्य अधिकारियों में इंजीनियर अमित मेश्राम (वैज्ञानिक-डी) प्रज्ञा कदम (वैज्ञानिक अधिकारी) प्रदीप कुरे (क्यूरेटर) राजेश कुमार परमार (वित्त अधिकारी) सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

संभागायुक्त ने गौठान का किया निरीक्षण

■ छात्रावास पाटन पहुंचकर बच्चों से की बातचीत

दुर्ग/नवप्रदेश। संभागायुक्त दुर्ग संभाग महादेव कावरे द्वारा शुक्रवार को प्रातः 10 बजे ग्राम पंचायत पतोरा (मल जल प्रबंधन प्लांट), ग्राम गौठान, वर्मी कम्पोष्ट निर्माण, बोरी सिलाई,अर्क निर्माण,आदि का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा प्रदेश के पहले ग्रामीण स्तर पर निर्मित एफएसटीपी प्लांट के प्रक्रिया का अवलोकन किया गया , प्लांट के संचालन पर प्रशंसा जाहिर किया गया।

समूह के महिलाओं से चर्चा में बताया गया कि अब तक कुल 190703 गोबर खरीदी की गई है, तथा 64510 किलोग्राम वर्मी कंपोस्ट निर्माण से 6,45,100 रुपये आय हुआ, जिससे महिला समूह को 2,52,000 रुपए का आय हुआ है, इसी प्रकार बोरी 13000 नग सिलाई किया गया जिससे 30,000 रुपये शुद्ध आय व अर्क निर्माण गौ मूत्र, गुलाब जल, तुलसी अर्क निर्माण करके 10000 रुपए अर्जित किए, मशरूम उत्पादन कर 80000 रुपए आय अर्जित किए हैं एवं छ ग शासन के रोजगारोन्मुखी योजना के तहत विभिन्न कार्य करके लाभ अर्जित कर रहे है। निरीक्षण के दौरान आर के राठौर संयुक्त संचालक कृषि, मुकेश कोठारी (डिप्टी कलेक्टर) सीईओ पाटन, एस एस राजपूत डिप्टी डायरेक्टर कृषि, प्रकाश सोनी तहसीलदार पाटन, वाई के वर्मा वरि. कृषि वि अधिकारी, सरपंच अंजिता साहू, गौठान समिति अध्यक्ष नरेश श्रीवास, कृषि विस्तार अधिकारी ममता बंजारे, स्व सहायता समूह के सदस्यगण उपस्थित थे।

बच्चों से भी की चर्चा

प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास पाटन एवं पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास पाटन के आकस्मिक निरीक्षण के समय संभागायुक्त कावरे द्वारा छात्रावास में निवासरत विद्यार्थियों से चर्चा की गई। चर्चा में विद्यार्थियों ने बताया कि छात्रावास में भोजन व्यवस्था, निवास व्यवस्था अच्छी है।आयुक्त द्वारा ई-लाईब्रेरी को और अच्छी तरह से व्यवस्थित करने एवं छात्रावास में शासन द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले सभी व्यवस्थाओं को बच्चों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। श्री कावरे ने कक्षा 7वीं के छात्र गुलशन से अध्ययन के संबंध में चर्चा की एवं बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. भुवनेश्वरी से छात्रवास में उपलब्ध व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई, जिस दौरान प्रियम्वदा रामटेके सहायक संचालक आदिवासी विभाग दुर्ग भी उपस्थित थी।

तीन दिवसीय मेधा योग संपन्न

भिलाई/नवप्रदेश। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुनवानी भिलाई में हर्षोल्लास के साथ गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की प्रेरणा से तीन दिवसीय मेधा योग सम्पन्न हुआ। प्राचार्य वर्षा ठाकुर की पहल से आर्ट ऑफ लिविंग परिवार से सुकृति ठाकुर, पुष्पल अर्चित्य और सरोज द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण तीन दिवस चला । प्रति दिन ढ़ाई घंटे की क्लास रही। विद्यार्थियों को ध्यान, प्राणाया, सूर्य नमस्कार, सुदर्शन क्रिया, विभिन्न प्रकार के आसन सिखाएंगे। खास बात खेल और पेंटिंग जैसे क्रियाकलाप भी करवाया गया। इस प्रशिक्षण से बच्चे बहुत खुश हुए। कहा कि ये उनके लिए बहुत उपयोगी है। विद्यालय में ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए ।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने आर्ट ऑफलिविंग परिवार के सभी सदस्यों को पूरे विद्यालय परिवार की ओर से दिल से धन्यवाद दिया साथ ही कहा आगे भी ऐसा सहयोग मिलता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी व्याख्यातगण पी बुरहान, रूपेश्वरी साहू , भारद्वाज , एसमी बंजारे, मैथ्यू, रोशन सोनी की गरिमामय उपस्थिति रही

कोकड़ी में मितानिनों का हुआ सम्मान

उतई/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कोकड़ी में मितानिन दिवस का आयोजन किया गया। इस इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रमिला रोशन लाल साहू द्वारा किया गया। जिसमें पीआरपी कामिनी साहू, प्रेरक सुषमा साहू ग्राम पंचायत के मितानिन कार्यकर्ता केसर साहू, कमला विश्वकर्मा, सरिता निषाद का सम्मान श्रीफल एवं साल से किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोकडी के पूर्व सरपंच एवं ग्रौथान समीति के अध्यक्ष रोशनलाल साहू उप सरपंच, पुष्पा साहू, हेमिननिषाद गीतू मंडावी, पूनम ठाकुर, रोहित साहू, महिपाल साहू, पंचगण, सचिव गैंदलाल साहू, रोजगार सहायक चेतना ठाकुर, ग्रामीण जन बलदाउ साहू, संदीप चंद्राकर, पुरुषोत्तम निषाद कृष्ण कुमार निर्मलकर कार्यक्रम में शामिल हुए।

सेवानिवृत्त होने पर निगम ने दी विदाई

दुर्ग/नवप्रदेश। 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर निगम के भृत्य महिला कर्मचारी को बुधवार को स-सम्मान विदाई दी गई। निगम आयुक्त प्रशिक्षु आईएएस लक्ष्मण तिवारी और उपायुक्त मोहिन्द्र साहू सहित अधिकारी,कर्मचारियों ने भृत्य सुमित्रा यादव इनके द्वारा 39 साल नगर निगम को सेवा दी है। आज आयुक्त प्रशिक्षु आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने शॉल और फल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने पर श्रीमती सुमित्रा यादव को अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना किए। विदाई कार्यक्रम में सेवाकाल के दौरान अपने अनुभव को साझा किए। आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने कहा कि अपने जीवन का आधा समय आपने निगम प्रशासन को दिया है, आने वाला समय आपका और भी बेहतर हो, निगम परिवार ऐसी कामना करता है, सेवानिवृत्त के बाद कभी भी कोई परेशानी होने पर निगम परिवार सदैव आपके साथ होने का भरोसा दिलाया गया है। आयुक्त कक्ष में शाल श्रीफल देकर विदाई समारोह संपन्न किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त मोहिन्द्र साहू, लेखाधिकारी आरके बोरकर, मनोहर साहू, शुभम गोइर, हेमलता वर्मा, चित्रेखा चन्द्राकर, प्रिंसी शर्मा, तसनीम खान, संगीता ब्रम्हणे, नाज बेगम, दामिनी भुवाल, साक्षी चौहान, सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

लोक निर्माण विभाग द्वारा गुरु घासीदास वार्ड में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ

उतई/नवप्रदेश। गुरु घासीदास वार्ड 6 उतई में लोक निर्माण विभाग द्वारा 7925000रु लगात से बनने वाले आरसीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारम्भ किया गया,और लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू जी का आभार व्यक्त किये। इस दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत डिकेन्द्र हिरवानी, वार्ड पार्षद दीपमाला देशलहरे, उपाध्यक्ष रविंद्र वर्मा, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति उतई दिवाकर गायकवाड, अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी बहादुर नेताम, पार्षद प्रहलाद वर्मा, तोषण साहू ,वीरेंद्र गोस्वामी, सूरता गढ़े, एल्डरमैन प्रेम नारायण साहू, पूर्व पार्षद विष्णु देशलहरे विधायक प्रतिनिधि भावेश साहू ,योगेश मांडले युवा कांग्रेस , मुकेश साहू, धनंजय नेताम तूकेश्वर ठाकुर संबंधित ठेकेदार सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई के शिक्षा विभाग में समूह 3 के विद्यार्थियों द्वारा पैरोडी कंपटीशन का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता का थीम बॉलीवुड जोन 'फन एंड फ्लाई' था।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य से किया गया। यह प्रतियोगिता बी.एड. के 5 समूहों के मध्य आयोजित की गई थी। जिसमें की बी.एड. के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे तथा महाविद्यालय के अकादमिक डीन डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के निर्णायक डॉ. सुबोध द्विवेदी एवं संदीप जसवंत थे। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नीरा पांडेय एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने बच्चों की उनके मनमोहक प्रस्तुति हेतु उन्हें बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा किये गये छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति अद्वितीय एवं जीवंत है। इसका प्रचार प्रसार अधिक से अधिक किया जाना चाहिए

डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने सभी विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में भी ऐसे अच्छे आयोजनों को करते रहने की आशा जताई। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नीरा पांडेय ने विजेता प्रतिभागियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी तथा उनको जीवन के हर क्षेत्र में इसी तरह से आगे बढ़कर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रूप एक रोहित एवं समूह ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर ग्रुप 4 हिमांशु एवं समूह ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान पर ग्रुप 3 अंकित एवं समूह ने प्राप्त किया।

जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग की अभिनव पहल जिज्ञासा

दुर्ग/नवप्रदेश । नगर पालिक निगम। जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग दुर्ग द्वारा अभिनव पहल जिज्ञासा अंतर्गत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के 90 विद्यार्थियों द्वारा नगर निगम के साइंस कॉलेज के सामने स्थित पेय जल शुद्धिकरण संयंत्र 42 एमएलडी और 24 एमएलडी संयंत्र का भ्रमण किया गया कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा की पहल पर एवं नगर निगम प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी के निर्देश पर यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।जिसके अंतर्गत प्रति शनिवार को अलग-अलग चयनित स्थानों का बच्चों को भ्रमण कराया जाएगा कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में उनकी बौद्धिक चेतना का विस्तार करना है, इस भ्रमण कार्यक्रम से बच्चों में चेतना भी आएगी एवं कार्यालय के क्रियाकलापों की जानकारी होगी। भ्रमण के दौरान बच्चों में खुशी स्पष्ट झलक रही थी बच्चे काफी उत्साहित थे जिज्ञासा के माध्यम से बच्चों की जिज्ञासा पूरी होगी ।बच्चों ने बड़ी गंभीरता के साथ पेयजल शुद्धिकरण संयंत्र को देखा कि किस प्रकार पानी की सप्लाई की जाती है तथा पानी की शुद्धता कैसे की जाती है इस संबंध में बच्चों को अधिकारियों ने भी जानकारी दी।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा ने स्कूल परिसर में हरी झंडी दिखाकर बच्चो को रवाना किया। पार्षद मीना सिंह,सहायक अभियंता आरके जैन, उप अभियंता भीमराव, अभ्युदय मिश्रा, प्राचार्या श्रीमती शेफाली वर्मा एवं शिक्षिका सुकृता भुवाल उपस्थित रहे।

10 वर्ष पहले बना या पहले अपडेट हुआ आधार कार्ड अपडेट कराना जरूरी

■ साथ ही बैंक में केवाईसी कराना भी है आवश्यक

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई निगम क्षेत्र में सामाजिक सहायता योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लगभग 21254 से अधिक पेंशन प्राप्त हितग्राही है। जो शासन के विभिन्न योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन के तहत डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के द्वारा पेंशन हितग्राही के आधार बेस पर सीधे खाते में जा रहा है। प्रशासनिय प्रशासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार ऐसे पेंशन हितग्राही जिनका आधार कार्ड पिछले 10 वर्ष पहले बना हो अथवा 10 वर्ष पहले अपडेट हुआ हो का आधार कार्ड पुनः आधार सेंटर के माध्यम से अपडेट कराते हुए संबंधित बैंक जिसमें हितग्राही अपना पेंशन राशि प्राप्त करना चाहते है उस बैंक में आधार अपडेट पश्चात उसी बैंक में केवाईसी कराना हितग्राहियों को आवश्यक है। हितग्राहियों का आधार बैंक से अपडेट नहीं होने के कारण उनके खातों में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से पेंशन की राशि का भुगतान पढ़ने में समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे सभी पेंशन हितग्राही अपने नजदीकी आधार सेवा केंद्र में जाकर आधार कार्ड को पुनः अपडेट करवाने के पश्चात बैंक में केवाईसी करवा लें। हितग्राहियों

की सुविधा के लिए नगर निगम के जोन कार्यालयों में विभिन्न वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है हितग्राही सुविधा अनुसार इसका लाभ उठा सकते हैं। प्रभारी अधिकारी अजय शुक्ला ने बताया पेंशन धारियों को यह भी ज्ञात होना चाहिए कि पेंशनधारी बिना पूर्व सूचना के अपने बैंक खातों को जिसमे पेंशन की राशि का भुगतान किया जाता है बंद न करवाएं। कई दफा पेंशनधारी के द्वारा कई अन्य बैंक में खाता खोला गया रहता है, पेंशनधारी का पेंशन आधार क्रमांक के बेस पर भुगतान होने के कारण लेटेस्ट आधार नंबर अपडेट वाले बैंक खाते में पेंशन में जाते रहता है, हितग्राही को कई दफा यह ज्ञात नहीं रहता कि उसी के दूसरे बैंक खाते में उनका पेंशन जा रहा है। इसलिए जिन बैंक खातों में पेंशन की राशि का भुगतान किया जाना है उसकी सही जानकारी हितग्राहियों को रखना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय के पेंशन शाखा के प्रभारी अधिकारी अजय शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं।

रंजना बनी नर्सिंग ऑफिसर

उतई/नवप्रदेश। मन में कुछ करने का जज्बा हो तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। खोपली गांव की बेटी रंजना साहू ने कड़ी मेहनत के बूते नर्सिंग ऑफिसर बनकर यह साबित कर दिया है। रंजना ऑल इंडिया स्तर की नर्सिंग अधिकारी भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा 2022 उत्तीर्ण कर राष्ट्रीय स्तर की स्वास्थ्य संस्थान में से एक एम्स रायपुर के लिए चयनित हुई हैं। उनकी उपलब्धि से गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रंजना अब बतौर नर्सिंग ऑफिसर एम्स रायपुर में अपनी सेवाएं देंगी।

उन्होंने दसवीं तक की पढ़ाई खोपली, बारहवीं कक्षा जवाहर शाला उतई और नर्सिंग की डिग्री भिलाई से हासिल की है। रंजना ने बताया कि उन्होंने बीते वर्ष से नॉर्सेट 2022 की तैयारी शुरू की और इस मुकाम तक पहुंची है। रंजना की छोटी बहन भी मुक्ति साहू भी कृषि संकाय में स्नातक कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। अपने दोनों बच्चों की कामयाबी से माता-पिता गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उनके पिता दिलीप साहू उतई स्थित ज्वेलरी दुकान में वर्कर हैं जबकि मां सुमन साहू गांव की उपसरपंच हैं। बेटी के एम्स में चयन से परिवार, रिश्तेदार और गांव में खुशी का माहौल है।

रंजना ने बताया कि भविष्य में नौकरी के साथ-साथ प्रशासनिक सेवाओं में चयन के लिए भी तैयारी करने का लक्ष्य है। उसने कहा कि किसी भी सफलता को प्राप्त करने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं हो सकता, इसके लिए खूब परिश्रम की जरूरत रहती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व गुरुजनों को दिया है। उनके पिता दिलीप साहू ने बताया कि बेटी स्कूली दिनों से बहुत मेहनती रही है। उन्होंने बताया कि हमें हमारी बेटी पर गर्व है। उन्होंने कहा कि बेटियों को अपनी इच्छा अनुसार पढ़ने दें ताकि वे आने वाली पीढ़ी को शिक्षित कर सकें। वहीं रंजना की माता सुमन साहू ने बच्चों को हमेशा पढ़ाई पर ही फोकस करने को कहा।

एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

उतई/नवप्रदेश। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली में प्राचार्य डॉ राजेश पांडे के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी लिनेन्द्र कुमार वर्मा के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एड्स जागरूकता रैली से की गई जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र- छात्राएं सम्मिलित हुए। रैली के दौरान एड्स और

एच.आई.वी. के प्रति लोगों को जागरूक करने वाले नारे भी लगाए गए। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में एड्स जागरूकता पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक निवेदिता मुखर्जी, नूतन देवांगन और डॉ. ममता ने छात्र-छात्राओं से एड्स और एच.आई.वी. के संक्रमण पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि इस रोग से लड़ने का एकमात्र उपाय जागरूकता है। हमारे देश में आंकड़ों के आधार पर युवा सबसे ज्यादा इसके शिकार होते हैं, इसलिए युवाओं को जागरूक होने और दूसरों को जागरूक करने की जरूरत है। आगे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अधिकारी लिनेन्द्र कुमार वर्मा ने भी छात्र-छात्राओं के समक्ष अपने विचार रखे। उन्होंने एचआईवी एड्स के प्रति उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से अपने वक्तव्य के दौरान कहा कि एचआईवी एड्स से न केवल हमें लोगों को पीड़ित होने से बचाना है, बल्कि इससे शिकार लोगों के प्रति भेदभाव पूर्ण रवैय्या अपनाने से भी बचना है। उनके साथ सामान्य मनुष्य जैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए ताकि वे इस लाइलाज रोग से सकारात्मकता के साथ लड़ सकें। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ नागरत्ना गनवीर, डॉ रीतू श्रीवास्तव, शंभू प्रसाद निर्मलकर, सतीश गोटा, वेद प्रकाश सिंह, करण विश्वकर्मा एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम को सफल बनाया।

प्रभारी आयुक्त वार्डो का किया निरीक्षण

भिलाई/नवप्रदेश। आज नगर पालिक निगम भिलाई के प्रभारी आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने भिलाई निगम के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दरमियान उन्होंने डायरिया प्रभावित क्षेत्रों का भी सघन निरीक्षण किया। आयुक्त ने कई क्षेत्रों में सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था देखी। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में डायरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए अपनाए जाने वाले विशेष अभियान की जानकारी अधिकारियों से ली। निरीक्षण में उन्होंने रहवासियों से भी फीडबैक लिया। प्रभारी आयुक्त ने सकरी गलियों का निरीक्षण करते हुए नालियों की सफाई एवं मोहल्ले में सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने जेपी नगर विजयनगर, कुमारपारा, यादव पारा, बैकुंठ धाम आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन स्वास्थ्य प्रभारी सुदामा परघनिया, स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र बंजारे एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

न्यायालय विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)
फार्म- अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम -6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप बरियेकर पिता श्री राजकुमार बेरियेकर, जाति चांभार आयु 31 वर्ष निवासी म.नं. 09 ब्लाक नं. 03 संकल्प कालोनी सेन्जी वियर स्कूल के पास लाभांठी थाना खम्हारडीह तह. जिला रायपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. सन्नी जगनायक पिता श्री चन्द्रिका जगनायक, जाति मोची, आयु 25 वर्ष निवासी गंगानगर झलमला थाना व तह. बालोद जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1054 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 30/12/2022 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 29/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
आगामी तिथि - 30/12/2022

सील — **विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
/अ/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरीश कुमार देवांगन आ. नोहरलाल देवांगन निवासी उतई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 1109/14 रकबा 0.220 हे. (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाारधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दााव/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202211101000158
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-23
कोहका प.ह.नं. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - प्रहलाद साहू,
अनावेदक पक्षकार -
ईश्तहार

आवेदक- प्रहलाद साहू पिता अक्खाराम साहू पता- कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19, रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 395 रकबा 0.020 हे. है जो आवेदक की माता स्व. बूढ़ीबाई पति अक्खाराम के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी बूढ़ीबाई पति अक्खाराम एवं पिता अक्खाराम की मृत्यु दिनांक 15.03.2000, 25/09/2006 हो हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु फौती नामांतरण बाबत आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किस व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/12/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 28/11/2022 को जारी किया जाता हैं।

सील — **अतिरिक्त तहसीलदार उपतहसील भिलाई नगर**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला बेमेतरा छ.ग.
ईश्तहार
क्र.236/अ.वि.अ./दिनांक 1/12/2022

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निलेश महेश्वरी पिता राधाकिशन साकिन बेरला जिला बेमेतरा द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम बहेरा प.ह.नं. 28 तहसील बेरला जिला बेमेतरा स्थित भूमि ख.नं. 614/7, 614/8, 614/9 रकबा क्रमशः 0.162, 0.202, 0.202 कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.56 हे. भूमि को औद्योगिक (फ्लाई एस ब्रिक्स) प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन पेश किया गया।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का संस्था उजर-दावा हो तो दिनांक 13/12/2022 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 1/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी साजा, जिला-बेमेतरा
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भगवानदास पिता नारायण दास निवासी ग्राम साजा तहसील साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा अपनी भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम साजा प.ह.नं. 09 स्तित भूमि खसरा नंबर 3549 रकबा 0.16 हे. को आवासीय एवं व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5(2), (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 19.12.2022 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद प्राप्त आपत्ति/ आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी साजा, जिला बेमेतरा**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामलेकी श्रेणी- राजस्व
संदर्भ - जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00025 फूलगांव ग्राम के नामांतरण पंजी पंजीबद्ध प्र. क्र.- CG510642511202206
ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00025 के अंतर्गत ग्राम फूलगांव के वर्तमान भूमिस्वामी राकेश जैन पिता पन्नालाल जैन पता- कुशल छाया मकान क्र. 53, वार्ड क्र. 33, जय के द्वारा धारित भूमि खसरा ऑयल मिल के पीछे गवली पारा दुर्ग तह. जिला दुर्ग क्र. 198/268(0.0079) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता रमणलाल जैन पिता स्व. टेकचंद जैन पता क्वा.नं. 34 / ए, सडक नं. 36, सेक्टर-4 भिलाई तह जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/12/2022 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं कि जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/11/2022 को जा किया जाता है।

सील — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र./अ-6/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती दीपा प्रजापति पति राजेश प्रजापति निवासी ग्राम से.-8 भिलाई तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 274/211 रकबा 0.0200 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रामकुमार बंजारे की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 12/12/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/11/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया है।
जारी दिनांक 25/22/2022
सुनवाई दिनांक 12/12/2022

सील — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार रमाकांत पिता बिसम्भर लाल के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पेन कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र मे मेरे पक्षकार का नाम रमाकांत पिता बिसम्भर लाल दर्ज है एवं मेरे पक्षकार के पुत्र दीपांशु साहू के केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग के प्रवेश रिकार्ड (दाखिला पंजी) मे मेरे पक्षकार का नाम रमाकांत साहू दर्ज है। जो कि अपूर्ण नाम है। यह कि मेरा पक्षकार अपने अधुरे नाम को सुधारकर अपने पुत्र दीपांशु साहू के केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग के प्रवेश रिकार्ड (दाखिला पंजी) में अपना सही व कुल नाम सहित रमाकांत पिता बिसम्भर लाल दर्ज करना चाहता है, चुकि मेरे पक्षकार का पूरा व सही नाम रमाकांत पिता बिसम्भर लाल है।

अतः इस आज सूचना के प्रकाशित होने के उपरांत मेरे पक्षकार के उनके सही नाम रमाकांत पिता बिसम्भर लाल से लिखा पढा व जाना पहचाना जावेगा।

तदानुसार सूचना जाने।
स्थान
दिनांक 03/12/2022

अधिवक्ता
पुरुषोत्तम सोनारे
जिला न्यायालय दुर्ग
मो. नं. 8770158865

न्यूज गैलरी

डीएवी विद्यालय में समूह गान स्पर्धा संपन्न

दल्ली राजहरा/नवप्रदेश। स्थानीय डी.ए.व्ही. विद्यालय में 2 दिसंबर को समूहगान स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें हंसराज ने प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में सभी सदन के बच्चों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दी। इस संबंध में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अलका शर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 2 दिसम्बर को विद्यालय के मल्टीपरपस हॉल में इंटरहाऊस समूह गान स्पर्धा में बच्चों ने सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने गायन कला कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस इंटरहाऊस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदन दयानंद, श्रद्धानंद, हंसराज एवं विरजानंद के बच्चों ने स्वरूचि से अपनी गायन कला का परिचय देते हुए हिस्सा लिया। समूहगान प्रतियोगिता के निर्णायकगण जो थे वे दल्ली राजहरा नगर के गायन कला में महारत रखने वाले प्रमुख हस्ती हैं। जिनमें शैलेन्द्र भोई संगीत शिक्षक बी.एस.पी. स्कूल क्रं. 2, टी. ज्योति संगीत विशारद एवं वाइस ऑफ छत्तीसगढ़ की विजेता एवं शिल्पा जायसवाल संगीत विशारद एवं इंटरनेशनल म्यूजिक स्पर्धा काठमाण्डू की विजेता प्रतियोगिता का विषय भक्ति रस पर बेस्ड था। विरजानंद हाऊस के समूह गान का मुखड़ा था हमारे साथ श्री रघुनाथ श्रद्धानंद का छाप तिलक नैना भिलाई के हंसराज का भर दो झोली एवं दयानंद हाऊस का दमादम मस्त कलंदर था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हंसराज सदन, द्वितीय स्थान दयानंद सदन, तृतीय स्थान - श्रद्धानंद सदन एवं चतुर्थ स्थान पर विरजानंद सदन था। स्पर्धा के अंत में सभी निर्णायकों ने प्रतिभागी बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए उनका हौसला आफ्जाई किया। व संगीत सीखने व इस क्षेत्र में खास मुकाम हासिल करने हेतु उन्हें और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। निर्णायकों ने अपना बहुमूल्य समय दिया, इसके लिए प्राचार्य श्रीमती शर्मा ने सभी के प्रति आभार प्रगट किया।

वाल्मीकि रमायन म सुघ्घर वचन पुस्तक का विमोचन

खरोरा/नवप्रदेश। डॉ सुरेश कुमार शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्याम मंडल द्वारा रचित वाल्मीकि रमायन म सुघ्घर वचन ग्रंथ का विमोचन छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा आयोजित गरिमामय समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मुख्यमंत्री निवास में किया गया। यह ग्रंथ वाल्मीकि रमायन की सूक्तियों पर आधारित है जो संस्कृत एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में रचित है। पुस्तक का प्रकाशन राजभाषा आयोग द्वारा किया गया है।

देवरबीजा में महाविद्यालय प्रारंभ होना क्षेत्र के लिए किसी वरदान से कम नहीं : आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के भागीरथ प्रयासों के फ्लस्वरूप बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र हर क्षेत्र में उन्नति कर रहा हैं, विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में। एक युवा विधायक की सोच, शिक्षा के प्रति उनका लगाव, विधानसभा क्षेत्र को उसका लाभ मिल रहा हैं। ज्ञात हो कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में पांच उत्कृष्ट स्वामी आत्मानंद स्मृति विद्यालय प्रारंभ कराने के साथ विधायक

आशीष छाबड़ा ने देवरबीजा में वर्षो पुरानी महाविद्यालय की मांग को पूरा कराने के लिए अपने निर्वाचन पश्चात से ही अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी, जिसका नतीजा है कि दो दिवस के लिए बुलाए गए विधानसभा के विशेष सत्र में अनुपूरक बजट में देवरबीजा में नवीन महाविद्यालय स्थापना का प्रावधान किया गया हैं। जिसके लिए राज्य शासन ने पदों की स्वीकृति सहित राशि भी स्वीकृत की हैं। विधायक आशीष छाबडा अपने निर्वाचन पश्चात से सैकड़ों बार मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री उमेश पटेल के समक्ष बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के देवरबीजा एवं भिभौरी में नवीन महाविद्यालय प्रारंभ किए जाने के लिए अर्जी देते आ रहें थे, जिसमें देवरबीजा को अब जाकर उसका हक मिला हैं। देवरबीजा में महाविद्यालय प्रारंभ होने से बेरला, बेमेतरा, साजा तथा देवकर के भी छात्र छात्राओं को इसका लाभ मिल सकेगा। क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए नए द्वार खुलेंगे, साथ ही लोगों के रोजगार में भी इसका प्रभाव पड़ेगा। महाविद्यालय में विभिन्न संकाय प्रारंभ होने से छात्र छात्राओं को उनके रुचि अनुसार संकाय में प्रवेश मिल सकेगा। देवरबीजा क्षेत्र के लोगों को अपने बच्चों की शिक्षा के लिए अब दूसरे शहरों पर आश्रित रहने की आवश्यकता नहीं होगी।

राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारियों को किया सम्मानित

- शंकराचार्य भवन में आयोजित कार्यक्रम में पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष ने की शिरकत

महासमुंद/नवप्रदेश। पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने शहर के शंकराचार्य भवन में आयोजित कार्यक्रम में राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने युवा मितान क्लब के सदस्यों व पदाधिकारियों को रचनात्मक व सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

आज शनिवार को शहर के शंकराचार्य भवन में राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी थे। अध्यक्षता संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष यतेंद साहू, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर, जनपद सदस्य आरिन भागीरथी चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, किशन देवांगन, व्यंकटेश चंद्राकर, लता कैलाश चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, हर्ष शर्मा, रेखराज पटेल, गजेंद्र साहू, श्रद्धा ध्रुव, भारती साहू, सोनम रामटेके, रवि

सिंह ठाकुर, अनुराग चंद्राकर, आवेज खान मौजूद थे। पूजा अर्चना पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके पूर्व युवतियों ने छग की संस्कृति पर आधारित गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री त्रिवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए क्लब योजना की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति व खेल को आगे बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। राजीव युवा मितान क्लब योजना से युवाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित होगा। उन्होंने मितान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा शक्ति को सही दिशा देने और विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया गया है। क्लब के माध्यम से युवा शासन की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

शिक्षा और खेल के माध्यम से स्वस्थ समाज की स्थापना में सहभागी बनने का अवसर उन्हें मिला है। इस दौरान उन्होंने शासन की महती योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि भूपेश सरकार सभी वर्गों के हितों को लेकर प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। अध्यक्षीय संबोधन में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब के गठन की कार्यवाही तेजी से की जा रही है। राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का भी आयोजन किया जा रहा है, इसमें राजीव युवा क्लब की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारी हुमेश, लिलेश्वर सेन, गोपाल साहू, पुरूषोत्तम, प्रताप, सियाराम बरिहा, मदन बोरे, शीतल, ऋतु यादव, किशन बरिहा, सुनंदा चंद्राकर, अंकित बागड़े, नंदू पटेल, मनोज, मनोज चौधरी, लवकुमार पटेल, रूपेश साहू, दूजराम पटेल, नागेश, नीलकंठ, रानी, सुरेश, देव साहू, पुनेश, राहुल साहू, रवि ठाकुर, डेविड, गौतम, रमन सिंह, हर्ष साहू, गणेश साहू, चंद्रेश साहू, गजेंद्र निषाद, सोनम व बंटी को सम्मानित किया।

पैरादान बना एक जनअभियान

- सुराजी गांव योजना से जुड़कर ग्रामीण किसान कर रहे है पैरा दान
- जिले के विभिन्न गौठानो में 6598 क्विंटल से अधिक पैरा का हुआ संग्रहण

कवर्धा/नवप्रदेश। गौ-सेवा के लिए सीएम भूपेश बघेल द्वारा किए गए पैरादान के अह्वान के बाद कबीरधाम जिले में पैरादान धीरे-धीरे एक जन अभियान बनते दिख रहा है। जिले में अब तक पांच सौ इक्कीस किसानों ने अब तक 2 हजार 21 ट्रेक्टर पैरा दान कर चुके है। पैरादान करने वाले किसानों और ग्रामीणों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती ही जा रही है। किसान और ग्रामीण द्वारा मिले पैरा को जिले के 181 गौठानो में सुरक्षित रखा जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में ऐसे पहली बार हुआ है जब पैरादान करने के लिए किसान और ग्रामीणजन आगे आ रहे है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने गौ-सेवा और गौठान को बहेतर बनाने की दिशा में पैरादान करने वाले सभी किसानों और ग्रामीणों का स्वागत और अभिंनदन किया है। सुराजी गांव योजना से ग्रामीणों का जुड़ाव कुछ इस प्रकार हो चला है कि ग्रामीण और किसान भी स्वयं से गौ-सेवा के लिए आगे आ रहे है और गौठानों में पैरा दान कर एक मिशाल पेश कर रहे है। पैरा दान कर रहे किसानों का कहना है कि गौठान आखिर हमारे घर और गांव के गौ-माता लिए ही तो बना है। अगर हम पैरा दान नहीं करेगे तो और कौन करेगा। खेतों में धान कटाई के बाद बचे पैरा को आग लगाने से अच्छा है कि हम सब गौ माता की सेवा के लिए आगे आए और अपने-अपने गौठान में गौ सेवा के लिए पैरा दान करे। खेतो में आग लगाने से पर्यावरण भी दूषित होता है और खेतों की उर्वरक क्षमता भी घटती है।

किसानों द्वारा किया जा रहा है पैरादान स्वागत योग्य : कलेक्टर

पैरादान के संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री जनमेंजय महोबे बताते हैं कि शासन के नरवा गरवा घुरवा और बाड़ी योजना से ग्रामीण सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं, जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति पहले से और बेहतर हो रही है। जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में बनाए गए गौठानो को आजीविका केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के साथ आर्थिक उन्नति का एक सशक्त जरिया मिल रह है। यही कारण है कि ग्रामीण अपने आप को शासन की योजना से जोड़ते हुए गौठान में पशुधन के लिए पैरा उपलब्ध करा रहे हैं। श्री जनमेजय महोबे ने आगे कहा की क्षेत्र के कृषको द्वारा स्व प्रेरित होकर पैरा दान करना स्वागत योग्य है तथा इससे आने वाले समय में पशुधन के लिए खाद्य सामग्री की उपलब्धता सहज होगी।

एक दिवसीय सांई महोत्सव 15 को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर में शिव गजानन सांई मंदिर समिति, पूनम कालोनी के तत्वावधान में एक दिवसीय सांई महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर आगामी 15 दिसंबर को पूनम कालोनी स्थित शिव गजानन सांई मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इस बारे में समिति के सांई भक्त कमलेश स्वर्णकार अध्यक्ष-शिव गजानन सांई मंदिर समिति, जिलाध्यक्ष जिला पत्रकार महासंघ एवं प्रदेश उपाध्यक्ष छग जर्नलिस्ट यूनियन ने बताया सांई महोत्सव के अंतर्गत 15 दिसंबर को सुबह सांई बाबा के अभिषेक व पूजन पश्चात दोपहर 1 बजे सांई पालकी निकाली जाएगी। वहीं दोपहर 12 से भंडारा का आयोजन होगा।

विश्व एड्स दिवस मनाया

खरोरा/नवप्रदेश। 1 दिसंबर विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा संचालित लिंक वर्कर परियोजना समर्थन संस्था रायपुर द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाला गया । इसके बाद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में बढ़ते हुए एचआईवी संक्रमण पर रोक लगाने हेतु एचआईवी एड्स जागरूकता एवं विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम मे आजूराम वंसे अध्यक्ष नगर पंचायत समोदा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि केसरी मोहन साहू जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति महिला बाल विकास। विशिष्ट अतिथि ममता पवन कुमार चंद्राकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरपंच संघ छत्तीसगढ़, नंदकुमार साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत समोदा, पूनम चंद साहू मीडिया प्रभारी एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष, चंद्रशेखर राव आईसीटीसी काउंसलर, टीएल साहू प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल समोदा, ए आर साहू प्राचार्य आत्मानंद इंग्लिश स्कूल, शिक्षक साहू सर एवं देवांगन मैडम की गरिमामय उपस्थिति में आज के कार्यक्रम संपन्न हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर खैरागढ़ में कार्यक्रम आयोजित निशक्तजनों को ट्रायसायकल एवं सामग्री वितरित

खैरागढ़/नवप्रदेश। डॉ. जगदीश कुमार सोनकार में निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस के अवसर पर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 03दिसम्बर को किया गया । वर्तमान समय में दिव्यांग व्यक्तियों की हमारे समाज में उनके प्रति अच्छे विचाराधारा, वातारण एवं दृष्टिकोण विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 03 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस का आयोजन किया जाता है । संयुक्त कलेक्टर सुनील कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि दिव्यांग का अर्थ शारीरिक दुर्बलता नहीं बल्कि मानसिंक अपंगता है। यदि दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो काई भी अवरोध हमारा मार्ग अवरूद्ध नहीं कर सकता है । लाखो निशक्तजनों के हौसलों पर तुम अपना परचम लाहराओगे । कल भी हम यही योगदान देंगे.....। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक गणेश राम वर्मा ने बताया कि अतंर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस के अवसर पर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टरेट परिसर खेरागढ़ में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में 200 से अधिक दिव्यांग बच्चे व व्यक्ति सम्मिलित हुये । दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा प्रतियोगिता आयोजन किया गया। दिव्यांगजनों में तिजऊ पटेल ग्राम आमधाट कांदा ,कुंभकरण वर्मा को पचास-पचास हजार रू. , उमेश कुमार वर्मा , सचिन कुमार भगत धरमपुरा को एक-एक लाख का चेक प्रदान किया गया । निःशुल्क ट्रॉय-सायकिल चिंतादास, ज्ञान दास, व्हील चेयर- मोहनी, आशिक बैशाखी यशोदा , मोटर साईकिल-शत्रुहन, गिरधर मेरावी ,श्रवण यंत्र- खेमराम , बैसाखी- धरमराज, रामकिशन,सुबल वितरण समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया ।

मातृ शिशु हॉस्पिटल उन्नयन के लिए बजट में स्वीकृति के लिए सीएम व कृषि मंत्री का जताया आभार

साजा/नवप्रदेश। राज्य के अनुपूरक बजट में नगर पंचायत साजा के मातृ शिशु हास्पिटल के उन्नयन हेतु स्वीकृति की सौगात दी गई हैं। जिसमें नगर पंचायत साजा में मातृ शिशु हास्पिटल उन्नयन हेतु करोड़ो रूपए की सौगात बजट में प्रावधानित किया गया हैं। इस सौगात के मिलने से नगर सहित क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त हैं। जिसके लिए ब्लॉक अध्यक्ष संतोष वर्मा, नपं अध्यक्षा शालिनी मनोज जायसवाल एवं विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे को धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया, क्योंकि नगर पंचायत साजा तथा आस पास के नागरिकों के लिए बहुत बड़ी सौगात हैं। इस सुविधा के नहीं मिलने से ईलाज के लिए दूर दूर जाना पड़ता था, जो अब साजा में होने से अधिक मरीजों का ईलाज संभव हो पाएगा, इस स्वीकृति पर साजा विधानसभा क्षेत्र के भाई बन्धुवों में खुशी देखी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष युगेश्वर सोनी, पार्षदगण राजेश ठाकुर, अवधेश गोयल, पुष्पा सिन्हा, संतोष यादव, नरेंद्र यादव, खेमेश्वरी साहू, एल्डरमेन रोहित वर्मा, जितेंद्र जैन, शांता निर्मलकर, दिनेश साहू, तोप सिंह सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा, टुकेश देशमुख, विप्लव गौराहा, भूजल मिश्रा, थानेश्वर साहू, मोंटी निर्मलकर सहित नगरवासियों ने भी मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री का धन्यवाद तथा आभार व्यक्त किया।

5,7,8 एवं 14 दिसम्बर को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु 5 दिसम्बर को जनपद पंचायत कसडोल,7 दिसम्बर को जनपद पंचायत भाटापारा,8 दिसम्बर को जनपद पंचायत सिमगा एवं 14 दिसम्बर को बिहान भवन पलारी में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक सुख किसान बायो प्लाटेंक प्रा. लि. बिलासपुर द्वारा फिल्ड आफिसर के 23 पद,योग्यता बारहवीं से स्नातकोत्तर,उम्र 20 वर्ष से 32 वर्ष, वेतन 9 हजार पांच सौ से 15 हजार रूपये तक देय होगा, कार्यक्षेत्र कबीरधाम एवं बेमेतरा होगा।

असमानता और भेदभाव की समाप्ति के नारों के साथ जिले में मनाया विश्व एड्स दिवस

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। 1 दिसंबर को पूरे विश्व में एड्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी मे जिलें में विविध प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश में स्वास्थ विभाग की टीम द्वारा किया गया। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि,एच आई वी वायरस के संक्रमण के सम्बंध में समुदाय में जागरूकता के प्रचार-प्रसार बाबत प्रति वर्ष 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर बलौदा बाजार जिले में समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा वैलनेस केंद्रों सहित स्कूल ,कालेज में परिचर्चा ,रंगोली और निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को एच आई वी संक्रमण के कारण ,उसके प्रभाव और

बचाव के तरीकों से अवगत कराया गया । यह कार्यक्रम - बलौदा बाजार में शासकीय दाऊ कल्याण एवं मिनीमाता महाविद्यालय, भाटापारा में शासकीय गजानन्द महाविद्यालय ,सिमगा में शासकीय आई टी आई एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिसिद, में आयोजित किये गए।

इस अवसर पर जिला अस्पताल में हस्ताक्षर अभियान एवं शाम को कैंडल जला कर लोगों को इससे बचने का संदेश दिया गया। जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार वर्तमान में एच आई वी संक्रमण का कोई उपचार उपलब्ध नहीं है जिस कारण इसमें जानकारी ही बचाव है ।

इसका संक्रमण केवल चार कारणों से होता है -पहला असुरक्षित यौन सम्बन्ध दूसरा बिना जांचा -परखा रक्त लेने से ,तीसरा समूह में एक सुई-सिरिंज के उपयोग से और चौथा संक्रमित गर्भवती माता से होने वाले शिशु को ।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

ई. कोर्ट क्र....अ-6/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्रेता शाहीन कुरैशी पति शगीर अहमद जाति मुसलमान निवासी- वार्ड नं. 43 छ.ग. आंगन के पास आदर्शनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 28/14 रकबा 0.0200 हे. (1800 वर्गफीट) लगान अभिलेख अनुसार भूमि विक्रेता- कीर्ति पति एस.के. जाति कोष्टा निवासी- मकान नं. टी11 बी, आदर्श नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27/06/2022 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/10/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29/09/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

मामले की श्रेणी - राजस्व
संदर्भ-जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00023 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. सीजी512492811202200३

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00023 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी चंचल साहू पिता/पति विकास कुमार साहू पता-म.क्र. 279 वार्ड क्र. 15 ग्राम सकरौद पो. राहुद तह. गुण्डरदेही जिला बालोद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्र. 349/9(0.0230) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता भूमि का साहू पिता संतोष कुमार साहू पता- प्लाट नं. 7/बी सड़क नं. 01 रजनीगंधा कालोनी विद्युत नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयत/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/12/2022 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक30.11.22 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा. प्र.क्र./अ-20(4)/2022-23

आवेदक श्री रामाशंकर आ. स्व. हंसराज एवं अन्य 06 निवासी आमदी नगर हुडको की ओर से अधिवक्ता श्री राम अग्राल इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का टुकड़ा प्लाट नं.एलआईजी 224 रकबा 96.00 वर्गमीटर भूखंड का 30 वर्षीय पट्टा धारक हंसराज आ. पितांबर महतो एवं अन्य 6 के नाम पर जारी है। आवेदकगण द्वारा अपने हक व अधिकार के उक्त भूखण्ड की विक्रय हेतु क्रेता श्रीमती तलविंदर कौर पति हरप्रीत सिंह निवासी मिलन चौक हुडको भिलाई से इकरारनामा निष्पादित कर अग्रिम राशि प्राप्त किया गया है। आवेदकगण उक्त भूखण्ड के विक्रय की अनुमति बाबत आवेदन आवेदनमय शपत पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण में सुनवाई दिनांक 22/12/2022 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

/अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष कुमार सक्सेना आ. रमेश कुमार सक्सेना निवासी-डौंडी बालोद के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चंदखुरी प.ह.नं. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा 749/15 रकबा 0.014 हे. 1500 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाारधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दाव/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

202211100400062/अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उमा वर्मा पति रामबलि वर्मा निवासी-उतई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.नं. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा 322/15 रकबा 0.0117 हे. 1271 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाारधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दाव/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

202211100400061/अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मनीषा वर्मा पति विष्णु प्रसाद वर्मा निवासी उतई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.नं. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा 322/16 रकबा 0.0160 हे. 1750 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाारधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दाव/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

202211100400032/अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश सिंह आ. फकीर सिंह निवासी- उमरपोटी के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.नं. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा 726/12 रकबा 1890 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाारधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दाव/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

/अ/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कुसुम बाजड़ पति दीपक कुमार बाजड़ निवासी धनोरा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. अंडा तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 942/11 रकबा-0440 हे. 4800 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाारधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दाव/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ीया ओलंपिक में केशतरा के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

साजा/नवप्रदेश। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ीया ओलंपिक स्वामी विवेकानंद स्टेडियम बेमेतरा में दो दिवसीय आयोजित खेल महोत्सव मे 18 वर्ष से कम आयु वर्ग महिला खोखो एवं 40 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग कबड्डी में विकास खण्ड साजा का प्रतिनिधित्व करते हुए ग्राम केशतरा के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनके विजेता बनने पर जनपद पंचायत साजा अध्यक्ष दिनेश वर्मा, सीईओ कांति ध्रुव, केशतरा सरपंच राजश्री पटेल, उप सरपंच शिव कुमार साहू, समस्त पंचगण, ग्रामवासी, नोडल धनसिंह ठाकुर, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला पवन साहू, प्रदीप ठाकुर, गीतेश देवागन, गणेशवर ठाकुर, प्रधान पाठक प्राथमिक रोशन महिलागे, नागेश्वर चौहान, नीमेश्वरी साहू प्राचार्य जनभागीदारी हाई स्कूल गौतम साहू, सीमा चक्रधारी, ग्राम पंचायत सचिव रामाधार वर्मा, रोजगार सहायक ओंकार वर्मा ने बधाई दिया एवं संभाग स्तरीय खेल में चयन होने व ग्राम का नाम रोशन कर गौरवान्वित करने पर शुभकामनायें दिया गया।

गुरूकुल के छात्रों ने लहराया परचम

कवर्धा/नवप्रदेश। सब जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता आंध्रप्रदेश के कुर्नुल शहर में दिनांक 25 से 29 नवंबर 2022 तक आयोजित कराई गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के बालक एवं बालिका दोनों वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हुए। इसमें गुरूकुल

पब्लिक स्कूल के छात्र सुन्नम चरण, भुवनेश्वर दीवान, छात्रा चाँदनी मांडवी, सुरभि बघेल ने प्रतिनिधित्व किया। छत्तीसगढ़ टीम का सामना मेजबान टीम आन्ध्रप्रदेश के साथ हुआ। छत्तीसगढ़ की टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। शाला की उक्त छात्र/छात्राओं ने रजत पदक प्राप्त कर शाला परिवार को गौरवान्वित किए। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष अतुल देशलहरा, सचिव संतोष बोथरा, शाला के प्राचार्य जगदीश साँखला, उप-प्राचार्या सोनाली पात्रा जी ने संयुक्त रूप से कहा हमारे शाला के छात्र छात्राओं ने लगातार सॉफ्टबॉल एवं बेसबाल में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चयनित हो रहें हैं और अधिकतर छात्र/छात्राओं ने पदक प्राप्त कर शाला का गौरव पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में बढ़ा रहे हैं। संयुक्त रूप से उन्होने विजयी विद्यार्थियों व क्रीड़ाध्यापकों को हार्दिक बधाइयाँ व शुभ कामनाएँ दी।

नि :शुल्क कैरियर मेला कार्यक्रम 9 को

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. जगदीश कुमार सोनकर के निर्देशानुसार जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए निःशुल्क कैरियर काउसलिंग कार्यक्रम 09दिसम्बर 2022 मंगलवार को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ ऑडिटोरियम कैम्पस 2 में आयोजन किया जाना है। कैरियर काउसलिंग के माध्यम से जिले के शिक्षित बेरोजगार, स्नातक/स्नातकोत्तर अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को कैरियर के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न प्रकार के रोजगार जैसे-बैकिंग/रेल्वे/छ.ग. व्यापम/शिक्षक भर्ती आदि की कोचिंग दी जायेगी। निःशुल्क कैरियर कोचिंग का आयोजन जिले के 4 सेंटरों खैरागढ छुईखदान गण्डई साल्हेवारा महाविद्यालयों में किया जायेगा। प्रत्येकों सेंटरों में 50-50 सीटे कुल 200 सीटें उपल्ब्ध होगी । इस प्रकार जिले के 200 बेरोजगार युवाओं को कैरियर सुधारने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। युवाओं को पंजीयन हेतु आवेदन फार्म 4 सेंटरों में उपलब्ध होगी। प्रवेश हेतु पंजीयन फार्म 09 दिसम्बर से 15 दिसम्बर के मध्य कार्यालयनी समय में प्राप्त किये जायेगे। प्रवीण्य सूची के आधार पर एवं कौशल परीक्षण के आधार पर युवाओं का चयन किया जायेगा। चयनित युवाओं को निःशुल्क कोचिंग 20 दिसम्बर 2022 प्रोजेक्टर के माध्यम से विषय विशेषज्ञों द्वारा समय प्राप्तः 9:00 बजे से 11:00 बजे दिया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. के.वी. राव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला नोडल अधिकारी कैरियर काउसलिंग डॉ. मकसूद के द्वारा उक्त जानकारी प्रदाय की गई है। कोचिंग की मानिटरिंग सभी विभाग के विभाग प्रमुखों के द्वारा की जायेगी।

स्कूली छात्राओं को दिया बैसिक जानकारी

भाटापारा/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर भाटापारा की छात्राओ को शहर थाना परिसर में थाना में होने वाले कार्यो की बैसिक जानकारी थाना प्रभारी अरूण साहू एवं थाना स्टाप द्वारा दी गई। शिशु मंदिर की छात्राये शिक्षिका रेखा वर्मा एवं श्रीमती निकीता शर्मा के साथ शहर थाना आई थी, जहा सभी छात्राओ को थाना के प्रभारी कक्ष, मुंशी कक्ष, विवेचक कक्ष, महिला एवं पुरूष बंदी दिखाया गया एवं सायबर सबंधी अपराध से बचने एवं जागरूक रहने, बैड टच, गुड टच एवं यातायात नियमो के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिससे सरस्वती शिशु मंदिर भाटापारा स्कुल से आये सभी छात्राएं काफी प्रसन्न एवं उत्साहित नजर आएं। विदित हो की पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अभिब्यक्ति बाल सुरक्षा कार्यक्रम सप्ताह हेतु दिए गए निर्देश एवं अति. पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर सभी बालिकाएं को थाना भ्रमण कराकर पुलिस कार्यो की बैसिक जानकारी एवं स्वयं की सुरक्षा किये जाने के सबंध में जानकारी बैड टच, गुड टच, सायबर सबंधी अपराध से बचने एवं जागरूक रहने तथा यातायात नियमो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

गृह मंत्री ने मोहरेंगा को दिए लाखों के विकास कार्यों की सौगात

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहरेगा में आयोजित लोकार्पण, भूमिपूजन एवं कृषक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं अध्यक्षता बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। अतिथिगणों के द्वारा हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य 67.50 लाख, किसान कुटीर निर्माण कार्य 13 लाख रुपए का लोकार्पण सहित हाई स्कूल में प्रयोगशाला कक्ष निर्माण 7 लाख रुपए का भूमिपूजन किए। विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि ग्राम

मोहरेगा में हाईस्कूल भवन की मांग बहुत पहले से ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और यहां के निवासियों द्वारा की गई थी, मोहरेगां एवं आस पास के गांव के विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए सर्व सुविधायुक्त हाईस्कूल की बेहद जरूरत थी, विद्यार्थियों के अध्ययन में सुविधा के लिए यह भवन बनाया गया है, विद्यार्थियों से कहना चाहूंगा आप सभी लगन और मेहनत से पढ़ाई कर अपना भविष्य गढ़ें। इस मौके पर सभी शिक्षकों, पालकों और विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएँ। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की सही कल्पना के लिए एक नारा दिए है, गढबो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा बड़ी तेजी से क्रांति लाने की आवश्यकता हैं। छत्तीसगढ़ की नई पीढ़ी युवा शक्ति को जितना ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करेगें, उतनी तेजी से गढबो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना सकार हो पाएगी, बहुत सारी योजनायें शिक्षा के क्षेत्र में सरकार चला रही हैं। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना हैं। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच है कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को स्वामी आत्मानंद विद्यालय के माध्यम से बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सकें, जिससे वह राज्य सहित देश का नाम रोशन कर सकें। प्रदेश में शिक्षा की अधोसंरचना और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में भी चार इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं एक हिंदी मीडियम स्कूल का संचालन हो रहा हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कल्याणकारी योजनाओं का परिणाम है कि प्रदेश के किसानों की आमदनी बढ़ी है और किसान समृद्धि की राह पर आगे बढ़े हैं, प्रदेश सरकार सामाजिक समरसता के साथ नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की दिशा में काम रह रही हैं। किसान हितैषी नीति और फैसलों से प्रदेश के किसान समृद्ध हो रहे हैं, देश में धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में धान उत्पादक किसानों के लिए 1 नवंबर से समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान खरीदी शुरू हो गई है, हमारे किसान साथियों के धान खरीदी किसी तिहार से कम नहीं हैं।

नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला कबीरधाम के थाना पाण्डातराई में आवेदक अजय बंजारे,पालन सिंह बैस निवासी दशरंगपुर एवं अन्य 14 लोगों ने शिकायत दर्ज कराया कि लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना बिसेषरा में मैनुफैक्चरिंग विभाग में पदस्थ केमिस्ट संविदा अधिकारी दामोदर कर्ती ने दो वर्ष पूर्व आवेदनकर्ताओ से कुल 17,00,000 रूपये नौकरी लगाने के नाम से लेकर ठगी किया गया है। थाना में उक्त शिकायत प्राप्त होने पर मामले के संबंध में थाना प्रभारी पाण्डातराई द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। मामले की गंभीरता के आधार पर डॉ. लाल उमेद

सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम एवं मनीषा ठाकुर रावटे द्वारा मामले पर अपराध दर्ज कर तत्काल आरोपी की पतासाजी कर विधिसंगत् कार्यवाही किये जाने निर्देशित करने पर आवेदनकर्ताओं की शिकायत के आधार पर अपराध क्रमांक 278/22 धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी की पतासाजी के लिए पंकज पटेल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पण्डरिया के मार्गनिर्देशन एवं थाना प्रभारी पाण्डातराई निरीक्षक जे.एल. शांडिल्य के नेतृत्व में थाना पाण्डातराई से विशेष टीम गठित कर केमिस्ट संविदा अधिकारी स्थायी पता विक्रम नगर तलीपरा बरागढ थाना व जिला बरागढ उडिसा में जाकर दबिश देकर आरोपी दामोदर कर्ती पिता स्व बंशीधर कर्ती उम्र 50 साल निवासी वार्ड नम्बर 04 विक्रम नगर तलीपरा बरागढ थाना व जिला बरागढ उडिसा से विधिसंगत् गिरफ्तारी कार्यवाही जाकर रिमांड में माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गनिर्देशन पर थाना पाण्डातराई टीम द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है।

अतिक्रमण की कार्रवाई में बाधा, चार के खिलाफ केस दर्ज

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम की बेदखली की कार्रवाई में बाधा पहुंचाना और कर्मचारियों से हुज्जत चारो को भारी पड़ गया।आयुक्त प्रशिक्षु आईएएस लक्ष्मण तिवारी निर्देश पर नगर निगम प्रशासन द्वारा चारो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया गया है। निगम की शिकायत पर पुलिस ने सभी के खिलाफ 107 एवं 116 का प्रकरण दर्ज किया है। नगर निगम द्वारा पिछले दिनों अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान का यह मामला है। अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान प्रमोद पांडेय आदर्श नगर, पोटिया रोड, सुनील गोधा, ज्ञानचंद गोधा जैन बुटीक गांधी चौक और मनीष मारोटी, मारोटी बर्तन दुकान, गांधी चौक द्वारा कार्रवाई में शांति भंग करना गया और कर्मचारियों से दुर्व्यवहार किया गया। इस पर आयुक्त प्रशिक्षु आईएएस लक्ष्मण तिवारी के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा पुलिस को पत्र लिखकर निगम की कार्रवाही के दौरान शांति भंग का मामला दर्ज कर कार्रवाई के लिए कहा गया था। इस पर धारा 107 व 116 के तहत चारो के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

सदन में आरक्षण विधेयक पारित किसान कांग्रेसाध्यक्ष ने की सराहना

- **कहा–मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दूरदर्शी सोच के इंसान**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 76 प्रतिशत आरक्षण विधेयक पारित होने पर जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने कांग्रेस सरकार की सरहाना की है और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दूरदर्शी सोच का इंसान बताया है।

जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दो दिसंबर 2022, दिन शुक्रवार की तारीख इतिहास में दर्ज की जायेगी, क्योंकि इस दिन को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी समाज सहित अन्य वर्गों के हित को ध्यान में रखते हुए एक बड़ी सौगात आम जन को दी है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 32 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 13 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत और गरीबों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण विधेयक का सर्वसम्मति से पास हो जाना इस बात को दर्शाता है कि प्रदेश के नेतृत्वकर्ता भूपेश बघेल सहित प्रदेश के सभी कांग्रेस के विधायक भी सदैव आम जनता व सभी वर्गों के हितार्थ सोच रखते हैं, जबकि हर अच्छे काम में टांग अड़ाना भारतीय जनता पार्टी का मुख्य उद्देश्य बन गया है, इसलिए शुक्रवार को भी भाजपा के विधायकों ने इस विधेयक का विरोध कर अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया।

मदन साहू ने आगे कहा कि इस विधेयक के पारित हो जाने के बाद अब सभी वर्गों को उनका वास्तविक अधिकार आसानी से मिलेगा और यह विधेयक प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। मदन साहू ने कहा कि भाजपा 2021 की जनगणना का हवाला देकर इस पर सवाल खड़े कर रही थी, जबकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पहले ही कह दिया था कि जैसे ही नई जनगणना प्रारंभ होगी उसके हिसाब से आरक्षण के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी कर दी जायेगी।

मदन साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को दूरदर्शी सोच का इंसान बताते हुए कहा कि आने वाले समय को देखते हुए जिस तरह से सभी वर्गों के हितार्थ इस विधेयक को पारित किया गया है उससे सभी वर्गों को बड़ा लाभ होगा।

आरक्षण विधेयक पारित होने पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने जिले व प्रदेशवासियों सहित सभी किसान भाइयों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

दुर्ग ब्लॉक के मितानीन बहनें होंगी गृहमंत्री साहू के हाथों सम्मानित

उतई/नवप्रदेश। ग्राम हनोदा के पूर्व माध्यमिक शाला के प्रांगण में स्वास्थ्य सेवा में उलेखनीय कार्य कर रही दुर्ग ब्लॉक के मितानीन बहनों का स्वास्थ्य सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 4 दिसम्बर दिन रविवार को 11 बजे रखा गया है। उल्लेखनीय है प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में हमारी मितानिन बहनों की मेहनत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो प्रगति हासिल की हैं, वह मितानिनों के प्रयास के बिना संभव नहीं होती। इसीलिए मितानीन बहनों को सम्मानित किया जायेगा।

इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रदेश के गृहमंत्री व दुर्गग्रामीण के विधायक ताम्रध्वज साहू होंगें। अध्यक्षता दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव, विशेष अतिथि केश शिल्प बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष नंद कुमार सेन , माटी कला बोर्ड अध्यक्ष बालम चक्रधारी, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल बोर्ड उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, कृषि मंडी बोर्ड सदस्य तारकेश्वर चन्द्राकर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री जितेंद्र साहू ,जिला पंचायत कृषिसभा योगिता चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड,सरपँच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, समाज सेवी हर्ष साहू, सहकारिता प्रकोष्ट अध्यक्ष रिवेंन्द्र यादव, जनपद सदस्य बुध्वंतिन मधुकर,सरपँच ग्राम पंचायत हनोदा तेजराम चंदेल सहित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

नशे के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। जितेन्द्र कुमार यादव पुलिस अधीक्षक जिला बालोद के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा कर्ण कुमार उके के मार्गदर्शन में अवैध जुआ, सट्टा, शराब, गांजा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 01 दिसम्बर को मुखबीर से सूचना मिलने पर थाना राजहरा स्टाफ के द्वारा वार्ड क्र 0 02 राजहरा में आरोपी किशन बहादुर पिता स्व . राजकुमार नेपाली उम्र 29 वर्ष साकिन वार्ड क्र 0 02 दल्लीराजहरा थाना राजहरा के घर तलाशी करने उसके घर बाड़ी में एक

बाजारू थैला में एवं छोटे - छोटे केरी बैग में रखे कुल मादक पदार्थ गांजा जिसका कुल वजन 2564 ग्राम कीमत करीबन 25 हजार रूपये को आरोपी के पास से जप्त किया तथा आरोपी के विरूद्व आवश्यक अपराध धारा के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी किशन बहादुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। इस अभियान कार्यवाही में थाना राजहरा से निरीक्षक वीणा यादव, स.उ.नि. नंदकिशोर सिन्हा, प्रधान आरक्षक ईश्वर चन्द्राकर आरक्षक संजय चेलक भुनेश्वर यादव, धर्मेन्द्र सेन, हेमन्त सलामें की सराहनीय भूमिका रही।

संविधान सप्ताह के उत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद में 26 नवंबर से 02 दिसम्बर तक संविधान सप्ताह के उत्सव का आयोजन किया गया था। संविधान सप्ताह उत्सव के दौरान गरियाबंद तहसील के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों में प्रस्तावना वाचन, निबंध लेखन, नारा लेखन, पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद-विवाद, कानूनी अधिकार, सड़क सुरक्षा, भारतीय दंण्ड संहिता एवं संविधान के संबंध में जानकारी के विषयों पर निबंध लेखन तथा पेड़ बचाओ, सड़क सुरक्षा एवं प्रदूषण, शिक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषयों पर नारा लेखन व पेंटिंग की प्रतियोगिता आयोजित की गई

थी। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। उक्त उत्सव में संविधान की प्रस्तावना, नागरिकों के मौलिक अधिकार, मूलभूत कर्त्तव्य व नीति निर्देशक तत्वों की जानकारी एवं निरूद्ध बंदियों के संवैधानिक अधिकारों की जानकारी दी गई। प्रतियोगिताओं के पश्चात् प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आए प्रतिभागियों को तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण गरियाबंद द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्सव का समापन किया गया।

वंदे भारत एक्सप्रेस का भाटापारा स्टॉपेज नहीं, लोगों में नाराजगी

भाटापारा/नवप्रदेश। बिलासपुर नागपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का भाटापारा स्टॉपेज नही दिया गया है।बिलासपुर नागपुर के बीच सिर्फ 3 स्टेशन रायपुर दुर्ग गोंदिया में उक्त वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव प्रस्तावित किया गया है। भाटापारा जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन पर उक्त ट्रेन का स्टॉपेज नही दिए जाने से अंचल के लोगो ने नाराजगी जाहिर की है।

उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार रेलवे बोर्ड ने एस सी ई आर के बिलासपुर नागपुर के मध्य एक वंदे भारत ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है और सब कुछ संभव हुआ तो उक्त प्रस्तावित वन्देभारत ट्रेन इसी माह की 11 दिसंबर से शुरू हो सकती है।बिलासपुर रेलवे जोन ने इसका स्टॉपेज रायपुर, दुर्ग और गोंदिया में प्रस्तावित किया है। शनिवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन यह ट्रेन चलेगी।ज्ञात हो कि केंद्रीय बजट में अगले 3 साल के भीतर नई तकनीक और साज-सज्जा की 400 वंदे भारत ट्रेनों को चलाने की घोषणा की गई थी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को इनमें से एक ट्रेन फिलहाल मिल रही है। वन्देभारत ट्रेन का जो टेंटेटिव टाइम टेबल प्रस्तावित किया गया है उनमें बिलासपुर से यह ट्रेन सुबह 6:45 बजे छूटकर 8:06 बजे रायपुर पहुंचेगी और 5 मिनट रुककर 8:47 बजे दुर्ग, 10:30 बजे गोंदिया तथा 12:15 बजे नागपुर पहुंचेगी।वही नागपुर से ट्रेन दोपहर 2.05 पर रवाना होकर 15.45 को गोंदिया 17.30 को दुर्ग और शाम 18:08 बजे रायपुर पहुंचेगी। शाम 19.35 को बिलासपुर में ट्रेन समाप्त होगी। बिलासपुर से नागपुर की दूरी ये ट्रेन सादे 5 घंटे में तय करेगी। ट्रेन की प्रस्तावित समय सारिणी में भाटापारा स्टेशन पर स्टॉपेज नही दिए जाने से क्षेत्र के लोगो में गहरी नाराजगी देखी गई,लोगो का मानना है की बिलासपुर रेलवे जोन का भाटापारा स्टेशन एक महत्वपूर्ण आय देने वाला स्टेशन है,जिसकी अनदेखी होने से रेल में यात्रा करने वालो में काफी रोष है और लोगो ने उक्त प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन का भाटापारा स्टॉपेज प्रथम दिवस से ही देने की पुरजोर मांग की है।

नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा महिलाओं पर घटित अपराधों पर कार्रवाई करने प्राप्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में सुहेला थाना प्रभारी उपनिरीक्षक भीम कुमार सोम के नेतृत्व में नाबालिक लडकी को बहला फुसला कर भगाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि अपराध क्रमांक 197/22 धारा 363 भादवि की विवेचना के दौरान लगातार अज्ञात आरोपी एवं पीडिता का पतासाजी गंभीरता से किया जा रहा था की पीडिता को आरोपी भारत भूषण यादव साकिन अमेरी थाना सुहेला के कब्जे से सड्डू रायपुर से बरामद किया गया।

प्रथम पेज का शेष

कांग्रेस ने हमेशा...

सभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ प्रदेश प्रभारी सप्तगिरि उलका, मंत्री अमरजीत सिंह भगत, मंत्री अनिला भेड़िया, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, बस्तर सांसद दीपक बैज भी मौजूद रहे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया जनसंपर्क : वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बिलासपुर सांसद अरुण साव ने आज क्षेत्र के विभिन्न गांवो की बस्तियों में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के पक्ष में प्रचार किया। अरुण साव ने ग्राम भानखेड़ा, हाटकोंदल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली बिल हाफ करने का वादा करके सरकार बनाने वाली प्रदेश की झूठी कांग्रेस सरकार ने बिजली बिल बढ़ाकर जनता को बिजली का करंट दे दिया है। वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, गंगाजल हाथ में लेकर कसम खाने वाली सरकार ने गंगाजल का मान नहीं रखा। आज छत्तीसगढ़ की जनता इस झूठी सरकार से छुटकारा चाहती है इसलिए भानुप्रतापपुर की जनता कांग्रेस सरकार के बहकावे में नहीं आने वाली और भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के पक्ष में मतदान कर भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाएगी।

पूर्व सीएम ने ...

समेत अन्य मौजूद रहे। भाजपा की जनसभा में दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व सांसद रामविचार नेताम, पूर्व विधायक भोजराज नाग, पूर्व विधायक इंद्र चोपड़ा, जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शत्रुहन साहू पिता श्री गनपत राम साहू निवासी एमआईजी 371 न्यू बोरसी कॉलोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम शत्रुहन साहू को त्याग कर नया नाम शत्रुहन प्रसाद साहू पिता श्री गनपत राम साहू रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज में मेरे नए नाम शत्रुहन प्रसाद साहू पिता गनपत राम साहू के नाम से जाना व पहचाना जाए।

शत्रुहन साहू
एमआईजी 371
न्यू बोरसी कॉलोनी दुर्ग (छ.ग.)

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, सुकमा संभाग, सुकमा

अल्प निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 3581/NIT- 13/2022-2023/व ले लि — दिनांक 01/12/2022

छत्तीसगढ़ राज्य के बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किए गए -''ई'' श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र AE प्रतिशत दर पर ब्लाक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 08/12/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 15/12/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 16/12/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
कार्य की समय सीमा :- दिनांक 30.03.2023 तक वर्षा ऋतु सहित।
सरल क्र.1 से 2 तक :- ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''ई'' ब्लाक कोटा

क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में)
1	FOR ORDINARY REPAIR WORK OF RESIDENTIAL BUILDING UNDER PWD KONRA SUB DIVISION KONTA (BLOCK KONTA)	20.00 15000.00

निविदा संबंधी शर्तें निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
1. ई पंजीयन की कापी 2. जी.एस.टी. की छायाप्रति 3. निवास प्रमाण पत्र 4. पैन कार्ड 5. आधार कार्ड 6. निविदा फार्म एवं अमानत राशि का लिफाफा अलग-अलग प्राप्त होगा, निविदा फार्म एवं अमानत राशि का लिफाफा अलग से प्राप्त न होने पर निविदा प्रपत्र का लिफाफा नहीं खोला जायेगा।
अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। कोई भी निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा।

जी–96341/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
सुकमा संभाग सुकमा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक – चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रचार-प्रसार के लिए कृषि रथ रवाना

■ मौसम रबी फसल बीमा का अंतिम तिथि 15 दिसम्बर

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत कृषको को अधिक से अधिक लाभ दिलाने हेतु जिला प्रशासन एंव कृषि विभाग की पहल से कलेक्टर जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई डॉ. जगदीश कुमार सोनकर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, उप संचालक कृषि तथा क्रियान्वयक बीमा कंपनी के उपस्थिति में फसल बीमा रथ को हरी झण्डी दिखाकर जिले में कृषकों के मध्य प्रचार प्रसार हेतु रवाना किया गया।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाअंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं जैसे ओलावृष्टि, भू-स्खलन, जल भराव, बादल फटना, आकाषीय बिजली के अंतर्गत अधिसुचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानो को बीमा कवरेज और नुकसान की भरपाई करने हेतु शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूवात की गई है। जारी अधिसुचना अनुसार सभी ऋणी-अऋणी किसानों से बैक या प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति या लोक सेवा केंन्द्र या आनलाईन पंजीयन या बीमा अभिकर्ता से बीमा प्रस्ताव प्राप्त करने एंव प्रीमीयम कटौती करने के अंतिम तिथि रबी फसलों के लिए 15 दिसम्बर 2022 है। योजनाअंतर्गत जिले में रबी फसल हेतु चना,गेंहु -सिंचित, गेंहु-असिंचित एवं अलसी फसले अधिसुचित है। जिसके लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का रबी फसल हेतु 1.5 प्रतिशत जमा करना है, जो कि किसान द्वारा वहन किया जायेगा।

खेल में पढ़ाई और पढ़ाई में खेल की तरह दिलचस्पी लें, ये सबक सब आसान बनाएगा : छन्नी साहू

■ उमरवाही में युवा महोत्सव का आयोजन, विधायक हुई शामिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के विकासखंडों में स्वामी विवेकानंद प्रोत्साहन योजनांतर्गत युवा महोत्सव के आयोजनों का क्रम जारी है। ब्लाक छुरिया के ग्राम उमरवाही में आयोजित युवा महोत्सव के समापन समारोह में खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू ने शिरकत की। आयोजन में खेलए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अन्य गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि, युवाओं के लिए यह एक बड़ा अवसर है। ऐसे आयोजनों को बढ़ावा मिलना चाहिए और इन्हीं उद्देश्यों से ही सरकार ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक और राजीव युवा मितान क्लब जैसे संस्थागत आयोजनों के रास्ते खोले हैं। उमरवाही में आयोजित युवा महोत्सव में अलग-अलग खेलों का आयोजन किया गया था। जिसमे खो-खो, कबड्डी, गेड़ी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, म्जि कॉम्पिटिशन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी हुई। प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया तथा इनका चयन जिला स्तरीय युवा महोत्सव के लिए हुआ है।

सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए विधायक छन्नी साहू ने कहा कि, खेल को इस प्रकार खेलना चाहिए कि वो पढ़ाई बन जाये और पढ़ाई को इस प्रकार पढ़ना चाहिए कि वह खेल बन जाये। ये दोनों ही पहलू और समझ काफी अहम है...जो इसे समझ पाया उसके लिए ये सबसे बड़ा सबक है। उन्होंने कहा कि खेल से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है जो कि आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि, खेल में जिस प्रकार भी बालिकाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है वो हमारे लिए गौरव की बात है। उक्त कार्यक्रम में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल खान, ब्लाक उपाध्यक्ष प्रताप घावड़े, रामाधीन रावटे, भागीरथी राणा, सरपंच गोरी बेगम, सरपंच प्रतिनिधि निजामुद्दीन, महेन्द साहू, राकेश बारले, अंकलहिन बाई, पंच लक्ष्मीचंद सांखला, जजमान रावटे, तीरथ राम, भीखम रावटे, मोहन जोशी, फिरतु राणा, महिला समूह की सदस्यों सहित ग्रामीण भी मौजूद थे।

अवैध शराब परिवहन करते 2 गिरफ्तार, 1 बाइक भी जब्त

निपनिया/भाटापारा/नवप्रदेश। निपनिया पुलिस की टीम ने मोटरसाइकल में अवेध रूप से शराब का परिवहन करते 2 लोगो को पकड़कर कर उनके कब्जे से शराब और उनकी मोटर सायकल को जब्त कर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर रही है।

निपनिया पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी ईश्वर टोप्पो ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर दो व्यक्ति मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्र0 CG 22 2080 मे अवैध शराब लेकर भाटापारा तरफ से निपनिया आ रहे है कि सूचना पर मौका पहुंचकर उक्त मोटर सायकल को रोककर तलाशी लिया मोटर सायकल के पीछे बैठे व्यक्ति के पास एक बैग मे अवैध शराब रखे मिला दोनो व्यक्ति को नाम पता पुछने पर मोटर सायकल चलाने वाले व्यक्ति अपना नाम को वीरेंद्र साहू पता भाटापारा सिटी सेंटर मॉल के पास तथा पीछे बैठे व्यक्ति अपना नाम सुरेश साहू दामाखेड़ा किरवई का रहने वाला बताये आरोपीयो के संयुक्त कब्जे से एक काले रंग के बैग में 48 पाव अंग्रेजी गोवा विकक्सी शराब तथा मोटर सायकल HF डिलक्स क्र0 CG 22 2080 को जप्त कर आरोपियो को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

रईस अहमद छग सुन्नी मुस्लिम मनिहार समाज के प्रदेश अध्यक्ष बने

■ फहीद अहमद को प्रदेश उपाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

■ राजनांदगांव में हुई छग सुन्नी मुस्लिम मनिहार समाज की बैठक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सुन्नी मुस्लिम मनिहार समाज राजनांदगांव द्वारा प्रदेश स्तरीय 1 रोजा अजिमुश्शान इजलास/इस्तेबाल कार्यक्रम का आयोजन जूनी हटरी स्थित मुस्लिम जमात खाने में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर के सामाजिक पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में सामाजिक मुद्दों को लेकर चर्चा भी की गई।

सुन्नी मुस्लिम मनिहार समाज राजनांदगांव के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल हफीज वारसी (रज्जू) ने बताया कि जूनी हटरी स्थित मुस्लिम जमात खाना में सुन्नी मुस्लिम मनिहार समाज राजनांदगांव द्वारा प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय 1 रोजा अजिमुश्शान इजलास/इस्तेबाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रायपुर, जगदलपुर, बिलासपुर, भाठापारा, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, बालोद, दुर्ग के अलावा अन्य जिलों से भी मनिहार समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में इसके अलावा जामा मस्जिद रायपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष फहीम अहमद का छत्तीसगढ़ मुस्लिम मनिहार समाज द्वारा जोरदार इस्तेबाल किया गया। बैठक में सामाजिक मुद्दों को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। इस आयोजन में राजनांदगांव मुस्लिम मनिहार समाज का बड़ा योगदान रहा। बैठक में समाज का चुनाव भी संपन्न कराया गया। छग स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से राजनांदगांव के हाजी रईस अहमद शकील को छत्तीसगढ़ सुन्नी मुस्लिम मनिहार समाज का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। साथ ही जामा मस्जिद रायपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हाजी फहीम अहमद को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि रईस अहमद शकील का सामाजिक कार्यों में काफी योगदान रहता है। वे समाज के प्रति हमेशा सजग रहते है। सामाजिक के अलावा राजनीति व व्यापार में भी उनका एक बड़ा जाना पहचाना नाम है। प्रदेश भर में उनकी लोकप्रियता बढ़ी है। वे समाज को नई दिशा देने के लिए हमेशा तत्पर रहते है। यही वजह है कि कल हुई छत्तीसगढ़ सुन्नी मुस्लिम मनिहार समाज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के लिए रईस अहमद शकील के अलावा किसी ने भी अपना नाम आगे नहीं किया और सर्व सम्मति से उन्हें समाज का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।

बैठक में रईस अहमद शकील, फहीम अहमद, राजनांदगांव के अध्यक्ष अब्दुल कदीर मनिहार, हफीज वारसी, शकील अहमद, हनीफमनिहार, मो. एजाज, हाजी मोहम्मद हनीफ, ओवेश रजा, अब्दुल हमीद मनिहार, नाहिद अख्तर, मो. मुकिम, शहजादा भाई, मो. शमीम, मो. अब्दुल अली, निसार अहमद, गुलशेर अहमद, तनवीर अहमद, मो. इब्राहिम, हाजी मो. शमीम, नियाज अहमद, मो. सलीम, अशफाक अहमद, हाजी मो. अमीन, मुर्तजा अहमद, शफी मोहम्मद के अलावा बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी शामिल हुए।

'कथा अनकही' में एक दमदार किरदार में वापसी करेंगे अदनान खान

मुंबई। सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन 5 दिसंबर से सुपरहिट टर्किश ड्रामा '1001 नाइट्स' (बिंबिर जीसी) का हिंदी रीमेक 'कथा अनकही' लेकर आ रहा है। दर्शकों के दिलों के तार छेड़ देने का वादा करता यह शो पछतावे से भरी एक प्रेम कहानी है, जो कभी ना भुलाए जाने वाले एक ऐसे ज़ख्म से जुड़ी है, जिससे कथा और विआन के बीच दरार पैदा हो जाती है, लेकिन दोनों फिर भी एक दूसरे से बंधे रहते हैं। इस लव स्टोरी में दिखाया गया है कि किस तरह मुश्किल से मुश्किल घड़ी में प्यार उभरकर सामने आता है और इसे बेहद खास तरीके से पेश करने जा रहे हैं चार्मिंग एक्टर अदनान खान और खूबसूरत एक्ट्रेस अदिति शर्मा। एक खास रोल में टेलीविजन पर वापसी करने जा रहे दर्शकों के फेवरेट अदनान खान इस शो में विआन के लीड किरदार में नजर आएंगे। विआन एक स्थापित बिज़नेसमैन हैं, और पूर्व में हुई एक भावुक घटना के चलते उनकी सोच महिलाओं के खिलाफहो गई है। जब भी वो किसी चीज को लेकर शिद्दत से कुछ महसूस करते हैं, तो वो तुरंत फैसला लेते हैं क्योंकि वो खुद को नियंत्रण में रखना चाहते हैं।

नवागढ़ विधानसभा कई बहुप्रतीक्षित मांगों को बजट में स्थान

■ वर्षों से लंबित मांगें जल्द होंगी पूरी

■ नवागढ़ विधायक बंजारे के प्रयासों को मिली सफलता

नवागढ़/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख केंद्र नांदघाट, दाढ़ी व मारो को वर्षों के इंतज़ार के बाद महत्वपूर्ण सौगात मिलने जा रहा है. छत्तीसगढ़ शासन में संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे के अथक प्रयासों से नांदघाट व दाढ़ी में प्रस्तावित नवीन महाविद्यालय के निर्माण को इस वर्ष के बजट में शामिल किया गया है, जिसके स्वीकृत होते ही जल्द ही प्रशासनिक प्रक्रिया के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा. वर्षों से क्षेत्र की जनता को उच्च शिक्षा हेतु अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता रहा है, जिसका जल्द ही निदान होने जा रहा है. विधायक बंजारे के लगातार प्रयासों से मारो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उन्नयन किया जा रहा है.

इस तरह नवागढ़ विधानसभा की कई बड़ी मांगें पूरी होने जा रही है जिसके लिए विधायक बंजारे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताते हुए उनके नेतृत्व में जल्द ही अन्य लंबित कार्यों की स्वीकृति मिलने की भी संभावना जताई है. उन्होंने इस अवसर पर खुशी जताते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई दी व क्षेत्र विकास के संकल्प को दोहराते हुए यूँ ही संघर्षरत रहने का विश्वास दिलाया.

बहुप्रतीक्षित मांगों के पूरा होने पर नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, गणमान्य नागरिकों व छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व संसदीय सचिव व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे के प्रति आभार जताते हुए उनके प्रयासों व सक्रियता की मुक्तकंठ से सराहना की. आभार प्रेषित करने वालों में जनपद अध्यक्ष अंजली मार्कण्डेय, जनपद उपाध्यक्ष रितेश शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र साहू, विधायक प्रतिनिधि मोंटू तिवारी,सुरेंद्र तिवारी प्रदेश प्रतिनिधि, विजय यादव उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस,आरिफ बाठिया (सचिव- जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा), लाला कटारे सरपंच प्रतिनिधि नांदघाट, नैना कुर्रे पार्षद, द्वारिका सोनवानी (सोसायटी अध्यक्ष) रामेश्वर साहू (ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष - नवागढ़) अरमान साहू (सचिव- जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा) आशाराम ध्रुव (उपाध्यक्ष नगर पंचायत नवागढ़) अमित जैन (एल्डरमैन) रूपप्रकाश यादव (एल्डरमैन) प्रिंस डहरे (जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस), अंशु केशरवानी (एन.एस.यू.आई) ब्लॉक अध्यक्ष नवागढ़ आदि है।

क्यूएसआर चेन फैट टाइगर ने रायपुर में अपना पहला आउटलेट खोला

रायपुर/नवप्रदेश। क्विक रेस्टोरेंट चेन फैट टाइगर ने हाल ही में रायपुर में अपना पहलाफ्रेंचाइजी आउटलेट शुरू किया है। यह स्टोर 1100 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैला हुआहै। बड़ी संख्या में युवाओं, परिवारों, छात्रों और विभिन्न स्वादों में पैन एशियाई खानेका आनंद लेने वाले किसी भी व्यक्ति को आकर्षित करने के लिए आउटलेटआकाश टॉवर, शहीद वीर नारायण सिंह, वार्ड 32, शंगार नगर, रायपुर में खोलागया है।

फैट टाइगर एक आधुनिक क्यूएसआर और कैफे चैन है जो शहर में मोमो, बर्गर, पिज्जा, पेय और बहुत कुछ प्रदान करता है। यह चैन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसितचाय, बेवरेजेज और विशेष रूप से बनाए गए मोमोज के साथ और बहुत नुट्रिशयसमील्स प्रदान करती है।

अपनी हालिया एक्सपेंशन प्लान्स तहत, कंपनी ने इस आउटलेट को 22 शहरों मेंइसके पहले से मौजूद 50+ आउटलेट्स में जोड़ा है, जिससे देश भर में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर सके। ब्रांड आने वाले 30-36 महीनों में 200 औरऑफलाइन आउटलेट खोलने की भी योजना बना रहा है।

फैट टाइगर के को-फाउंडर सहज चोपड़ा और साहिल आर्य, ने इस घोषणा परकहा, हमें रायपुर में अपने पहले आउटलेट के खुलने पर बहुत ख़ुशी है। हम नएग्राहकों से हमारे खाने और सर्विस पर फीडबैक पाने के लिए उत्साहित हैं। हमवादा करते हैं कि रायपुर के बीचों-बीच अपना नया आउटलेट खोलकर हम अपनेग्राहकों को आनंद और स्वादिष्ट भोजन का अनुभव प्रदान करेंगे। चूंकि यह एकडाइन- इन फॉर्मेट आउटलेट है, इसलिए हमने टाइगर के इंडियन ट्रीट्स पेश किएहैं। इसमें इंडियन फूड जैसे दाल, बिरयानी, चिकन, मटन करी आदि शामिलकिये है। हम भारतीय क्यूएसआर क्षेत्र में अपने तेजी से विस्तार की घोषणा करनेके लिए उत्साहित हैं, साथ ही हमे विश्वास भी है कि लोग निश्चित रूप से हमारेखाने, अम्बिएंस और क्वालिटी को पसंद करेंगे।

विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से जन कल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर एचआईवी-एड्स जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा जिले के 10 ग्रामों, ग्राम बखत रेंगाकठेरा, बढाईटोला पटेवा, खैरा, झुरानदी, खैरा, माथलडबरी, मेढा, अंडी एवं सुरगी में संगोष्ठी, रैली के माध्यम से एचआईवी-एड्स संक्रमण के कारण एवं बचाव के बारे मे विस्तार पूवर्क जानकारी दी गई। यह जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों व ग्राम पंचायतों में किया गया, जिसमें मुख्य रूप से समुदाय युवा वर्ग महिलाएं, मितानिन, पंचायत प्रतिनिधि, स्कूल प्रध्यापक, आगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए। ग्राम खैरा, घुमका के शासकीय हाई स्कूल की छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर एचआईपी-एड्स के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। रैली कार्यक्रमों में एचआईवी-एड्स संक्रमण के कारण व बचाव के उपाय संबंधी बैनर व पोस्टर में नारों के माध्यम से जागरूकता का प्रयास किया गया एवं जन समुदाय को प्रचार-प्रसार संबंधी पम्प्लेट वितरित किये गये। संगोष्ठी कार्यक्रमों के माध्यम से एचआईवी-एड्स संक्रमण के 4 कारण व संक्रमण से बचाव के उपाय की जानकारी दी गई। एचआईवी-एड्स संक्रमण के 4 कारण इस प्रकार बताये गये कि असुरक्षित यौन संबंध बनाने से, संकमित रक्त किसी अन्य व्यक्ति को चढ़ाने से, संक्रमित सुई या सीरिंज के दोबारा प्रयोग करने से एवं संक्रमित गर्भवती माता से होने वाले शिशु की साथ ही एचआईवी-एड्स संक्रमण से बचाव के उपाय की जानकारी भी इस प्रकार दी गई कि सुरक्षित यौन संबंध बनाने से अर्थात् कण्डोम के प्रयोग से जांचा-परखा रक्त चढ़ाने से, नये सुई या सीरिंज के प्रयोग से संक्रमित गर्भवती माता का संस्थागत प्रसव या चिकित्सकीय देख-रेख में प्रसव कराने से संक्रमण से बचाव किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान ही जन समुदाय में रेड रिबन लगाकर एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। नाको का हेल्पलाईन नंबर 1097 कि भी जानकारी दी गई। कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में डीआरपी जितेन्द्र कुमार जंघेल, सुपरवाइजर्स रामखिलावन मारकण्डे, रेवाराम साहू एवं क्लस्टर लिंक वर्कर, ललिता भीमकर, अनिता गिरिया, संगीता तिवारी, कांति कोसले, चमेली साहू, संतोषी खान, रेशमी कोसले, किरण साहू, ठगेश्वरी साहू, शोभा यादव, सीमा साहू, शशि धनकर, खिलेश्वरी साहू, चित्ररेखा साहू, दशोदा वर्मा, धर्मेन्द्र यादव, उमा देशलहरे, टुकेश्वरी साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अमेजन फ्रेशपर 'सुपर वैल्यूक डेज' करें क्रिसमस ग्रॉसरी की खरीदारी

नई दिल्ली। सर्दियों और क्रिसमस सीजन के शुरू होने के साथ, अमेजनफ्रेश पर 7 दिसंबर तक चलने वाले 'सुपरवैल्यूीडेज' के दौरान अपनी किराना जरूरतों को पूरा जरूर कर लें। क्यो्कि ग्राहक अमेजनफ्रेश पर खरीदारी करके किराना, घरेलू आवश्य2क सामान, पैक्डुफूड, स्नै क्सअ और बेवरेज, खादान्न और पालतू जानवरों के लिए लॉन्चे किए गए सिलेक्शकन पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। दावत, कैडबरी, यूनिबिक, नेस्कैनफे, टाटा संपन्नि, डेटॉल, पेडिग्री और आशीर्वाद जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स के कुछ रोमांचक ऑफर्स के साथ अपने पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंगडेस्टिनेशन से न्यूकक्रिसमसरेसिपी को आजमाएं और सर्दियों के मौसम का आनंद उठाएं।

उपभोक्तास1 से 3 दिसंबर के बीच कोटकट बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड और 4 से 7 दिसंबर 2022 के बीच आईसीआईसीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड से न्यूानतम2500 रुपये की खरीदारी पर इंस्टैंकट10% डिस्काकउंट,रू. 300 तक हासिल कर सकते हैं।

संविधान दिवस के अवसर पर दौलतराम कश्यप को ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड 2022 से किया सम्मानित

कवर्धा/नवप्रदेश। संविधान दिवस के अवसर पर 27 नवम्बर 2022 को गोपाल किरण समाज सेवा संस्थान ग्वालियर मध्यप्रदेश द्वारा अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन, गुजरात में 6 वां ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें देश भर के 100 से अधिक साहित्यकार, कवि, शिक्षक एवं समाजसेवी जो लगातार दो दशक से अधिक समय से उस क्षेत्र में सक्रियतापूर्वक कार्य कर रहे हैं उन्हें सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के दौलतराम कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता को ग्लोबल एचीवर्स डॉ. भीमराव अंबेडकर अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कश्यप को उनके द्वारा विगत 27 वर्षो से सामाजिक क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय कार्यो के लिए दिया गया।

श्री कश्यप दूरस्थ क्षेत्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगाओ के आजीविका, महिला एवं बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, शांति सद्भावना, बच्चों के अधिकार पर जिला कबीरधाम, मुंगेली, राजनांदगांव में सक्रिय रुप से कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में श्री कश्यप आस्था समिति के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शासन के योजना आयोग की टास्क फोर्स में सदस्य, तथा जिला एवं राज्य स्तरीय विभिन्न विषयों के मास्टर ट्रेनर के रुप में कार्य कर रहे हैं । इसके पूर्व में जिला कबीरधाम एवं बेमेतरा के लोकपाल मनरेगा में कार्य कर चुके हैं। इसके पूर्व भी कश्यप को विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और शासन प्रशासन द्वारा अनेकों सम्मान से सम्मानित किया जा चुका हैं। जिसमें शांतिदूत जिला धमतरी, छत्तीसगढ़ रत्न, सेवा सनद सम्मान, युवा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका हैं। इस सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले एवं प्रदेशों के बुध्दिजीवियों सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकारों गणमान्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जिसमें पास्कल तिर्की राष्ट्रीय समन्वयक नई दिल्ली, मोईन जाफर हुसैन राज्य समन्वयक शांति सद्भावना मंच, प्रो. आरिफ उत्तर प्रदेश, अनवर खान राजस्थान, रोज झारखंड, रामकिशोर चौहान उत्तर प्रदेश, सुबोध कुमार बिहार, अरुण उड़ीसा, रामेश्वर लश्करे मध्यप्रदेश, बैद्यनाथ वर्मा खैरागढ़, रामस्वरूप लोधी, चंद्र कुमार कश्यप बिलासपुर, मुनीव शुक्ला जांजगीर चांपा, श्याम चंद्रा शक्ति, संजय शर्मा रायपुर, मयाराम जायसवाल आस्था समिति सचिव, गोपाल प्रसाद सिंगरौल कोषाध्यक्ष आस्था समिति, आस्था समिति के सभी कार्यकर्ता उमाशंकर कश्यप, राजेश गोयल, महेश निर्मलकर, चित्ररेखा राडेकर, निशा यादव, मनिषा जांगड़े, संजय कुमार, लक्ष्मी नारायण सोनवानी, हितेश कुमार, रामलाल पटेल, लवली दास, आरती यादव, कोमल निर्मलकर आस्था समिति के कार्यकर्ता ने बधाई दी है।

11 को सरयू साहित्य परिषद द्वारा पुरस्कार वितरण एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। सरयू साहित्य परिषद द्वारा आयोजित रामायण ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को इस माह की 11दिसंबर रविवार को नवधा रामायण मंडप में पुरुस्कृत किया जाएगा वही इस अवसर पर भव्य चित्रकला प्रदर्शनी काआयोजन भी किया जाएगा। विदित हो की वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में सरयू साहित्य परिषद द्वारा स्थानीय आई आर यादव विद्यालय में रामायण ज्ञान परीक्षा आयोजित की गयी थी, जिसमें बड़ी संख्या में भाटापारा सहित ग्राम सूमा, अर्जुनी एवं सिमगा के विप्रजनों द्वारा भागीदारी निभाई गयी थी, परीक्षा के उक्त भव्य आयोजन का परिणाम 11 दिसंबर को घोषित किया जायेगा तथा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत करनें के साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किये जायेंगे।

चित्रकला की होगी प्रदर्शनी

समाज की प्रतिभाओं को सामने लाने एवं उन्हे प्रोत्साहन प्रदान करनें के उद्देश्य से पुरस्कार वितरण समारोह के दिन चित्रकला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है, जिसके तहत समाज की प्रतिभाओं द्वारा निर्मित उत्कृष्ट चित्रकला की प्रदर्शनी रखी जायेगी।उक्त आयोजन को लेकर सामाजिक जनों में भरपूर उत्साह नजर आ रहा है।तथा उनके द्वारा उत्कृष्ट कृतियों के निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गयी है।

बड़ी सहभागिता की अपील

संस्था के अध्यक्ष गौरी शंकर शर्मा ने उक्त भव्य आयोजन में अधिक से अधिक भागीदारी निभानें की अपील की है, जिससे प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिले एवं सामाजिक जनों के बीच रचनात्मकता का संदेश अधिक से अधिक प्रसारित हो सके।

नापतौल विभाग द्वारा ऐसे लूटे जा रहे राज्य के उपभोक्ता विपक्ष और व्यापारी संगठनों की चुप्पी संदेहास्पद


केन्द्र द्वारा अनुमोदित दर

नापतौल विभाग द्वारा पुरानी दरों से की जा रही वसूली की रसीदें



छत्तीसगढ़ शासन का 2021- 2022 का राजपत्र और उसमें प्रकाशित दरें

प्रमोद अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत आने वाले नापतौल विभाग द्वारा अपनी ही सरकार के बिनाए नियमों व अधिनियमों का खुलेआम दुरूपयोग किया जा रहा है। राज्य में नापतौल में उपयोग में किए जाने वाले उपकरणों तराजू, बांट, मीटर, लीटर, टैंकर आदि के सत्यापन व स्टेम्पिक के वार्षिक शुल्क में जमकर धांधली की जा रही है और मनमाना शुल्क वसूल किया जा रहा है। शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से कहीं ज्यादा लगभग 25 प्रतिशत तक अधिक की वसूली की जा रही है और जो व्यापारी या संस्था इस बात का विरोध कर रही है, उस पर मनमानी पेनाल्टी भी लगाई जा रही है। साथ ही दंडात्मक कार्रवाई करने की धमकी भी दी जा रही है। इस मामले में विपक्ष और किसी व्यापारी संगठन का संज्ञान न लेना भी काफी आश्चर्यजनक है।

छत्तीसगढ़ शासन में दिनांक 17 दिसंबर 2021 को छग के राजपत्र में राज्य के नापतौल विभाग हेतु सत्यापन शुल्क और स्टेम्पिक करने की दरें प्रकाशित की थी। इस अधिसूचना के अनुसार ही अब तक शुल्क वसूला जा रहा था। राज्य सरकार ने इसमें संशोधन करते हुए दिनांक 26 सितंबर 2022 को पुनः एक अधिसूचना प्रकाशित की है, जिसमें नापतौल के सत्यापन शुल्क व स्टेम्पिक की दरों में कमी करते हुए व्यापारियों को राहत प्रदान की गई है, लेकिन विभाग द्वारा इस नए संशोधन को नहीं माना जा रहा है तथा 2021 की दरों पर ही वसूली की जा रही है। नई संशोधन दरों का केंद्र सरकार के खाद्य नागरिक एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा दिनांक 26 जुलाई 2022 को अनुमोदन कर दिया गया था। विभाग के डायरेक्टर बीएन दीक्षित ने राज्य के इस विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा को उपरोक्त दिनांक को भेजे गए पत्र में इस बात की पुष्टि कर दी थी कि राज्य सरकार जो दरें संशोधित की जा रही है, उसे केंद्र अनुमोदित करता है।

राज्य शासन गैर स्वचालित तौल उपकरण यांत्रिक वर्ग 3 एवं 4 में जो दरें 2021 में ली जा रही थी, वे ज्यादा थीं और उन्हें अब कम कर दिया गया है। इसी तरह राज्य के सभी तरह के उपकरणों में दरों की कटौती की गई है, लेकिन विभाग द्वारा मनमानी रवैया अपनाया गया है और व्यापारियों से सरकारी रसीद पर ज्यादा शुल्क वसूला जा रहा है।

50 हजार उपकरणों का नहीं हुआ सत्यापन

राज्य में राज्य शासन द्वारा खरीदे जा रहे धान और राज्य में संचालित महिला स्व सहायता समूह एवं आंगनबाड़ियों में भी नापतौल हेतु लगभग 50 हजार उपकरण तराजू और बांट प्रदान किए गए हैं, लेकिन अधिकांश स्थानों पर इन उपकरणों एवं मानकों का न तो सत्यापन हुआ है न ही इनमें विभाग का नवीनतम नवीनीकरण स्टेम्पिक आदि दर्ज है। इन स्थानों पर जो भी तौल हो रहे और वह मानक आधार पर सही है या गलत, इसकी जानकारी न तो उपभोक्ता के पास है न राज्य शासन के पास। उल्लेखनीय है कि राज्य में सत्यापन और स्टेम्पिक शुल्क के जरिए प्रति वर्ष 7 हजार करोड़ रुपए वसूल किए जाते है। वह तब जबकि वसूली वैधानिक शुल्क पर की जाए। अब जबकि वैधानिक शुल्क से अतिरिक्त वसूली की जा रही है तो यह राशि कितनी बढ़ेगी और किसके खाते में जाएगी, यह जांच का विषय हो सकता है।

चावल से भरा ट्रक पलटने से चालक की टूटी कमर

बीजापुर/नवप्रदेश। चावल से भरा ट्रक पलटने से चालक घायल हो गया और उसकी कमर टूट गई। मामला भैरमगढ़ का है। जानकारी के मुताबिक, भैरमगढ़ से बीजापुर आ रही ट्रक क्रमांक छ्त्त 20 छ्ठ 9121 कर्रेमरका के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके कमर का नीचला हिस्सा बुरी तरह से फ्रैक्चर हो गया। वहीं उसके साथी के पैर टूटने की खबर है।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

पिथौरा/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से करीब 6 लीटर महुआ शराब बरामद किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि एक आदमी अपने घर बाड़ी के पीछे अवैध शराब बिक्री करने के लिए रखा है। जिस पर पुलिस चुम्मन लाल साहू पिता सेतु राम 23 वर्ष निवासी पाड़ेपाली सोनासिल्ली के घर दबिश दी और तलाशी ली तो महुआ शराब बरामद हुआ।

गौण खनिज अवैध परिवहन करते दो वाहन

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर जिले में गौण खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। निर्देश के परिपालन मे एसडीएम भैरमगढ़ उत्तम सिंह पंचारी और तहसीलदार जुगल किशोर पटेल ने मिनगाचल नदी से अवैध रूप रेत परिवहन करने वालो के ऊपर कार्यवाही करते हुए उनके 02 नग वाहन जब्ती कर नैमैड़ थाना को सुपुर्द किया इस दौरान मिनगाचल हल्का के पटवारी भी मौजूद थे।

4055 युवाओं ने अग्निवीर बनने दिखाया कौशल

दुर्ग/नवप्रदेश। सेना भर्ती रैली में युवाओं का अपूर्व उत्साह दुर्ग जिले में दिख रहा है। सेना भर्ती स्थल के पास बड़ी संख्या में युवा अपना कौशल दिखाने पहुंच रहे हैं। सेना भर्ती में आज 6300 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था इसमें 4055 युवा भर्ती रैली में भाग लेने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इन युवाओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गई है और सारी व्यवस्थाओं की निरंतर मानिटरिंग कराई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से युवाओं की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी लगातार स्थिति की मानिटरिंग में लगे हुए हैं। जहां भी किसी तरह की दिक्कत होती है समाधान के लिए तुरंत निर्देशित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा नियमित रूप से सेना भर्ती स्थल में पहुंच कर सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं और नोडल अधिकारियों से लगातार व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं। 1 दिसंबर से 8 दिसंबर तक होने वाली भर्ती का विवरण इस तरह है। 3 दिसंबर को बलौदाबाजार, मुंगेली, 4 दिसंबर को बिलासपुर, कोंडागांव, कोरिया, रायगढ़, 5 दिसंबर को बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, गरियाबंद, कबीरधाम, कोरबा, जशपुर, राजनांदगांव, 6 दिसंबर को धमतरी, जीपीएम जिला हिस्सा लेंगे।

जानेश्वरी को पीएचडी की मिली उपाधि

भिलाई/नवप्रदेश। पंडित रविशंकर शुक्ल शिष्वविद्यालय, रायपुर से जानेश्वरी सिन्हा को हिन्दी विषयांतर्गत 'मृणाल पांडे की कहानियों में यर्थाथ बोध' विषय पर पं. रविषंकर शुक्ल विष्वविद्यालय द्वारा पी.एचडी की उपाधि प्रदान की गई। जानेश्वरी सिन्हा ने अपना शोध कार्य शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग की प्राध्यापक कृष्णा चटर्जी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इनके बाह्य परीक्षक जे.एन.यू. नई दिल्ली के प्राध्यापक डॉ. देवेन्द्र चैबे थे। जानेश्वरी सिन्हा, रमा देवी करेन्द्र एवं संतकुमार करेन्द्र की सुपुत्री एवं प्रकाश सिन्हा की पत्नी है, साथ ही पुराण सिन्हा एवं आर.एन. सिन्हा की पुत्रवधू है। इनकी इस उपलब्धि पर उन्हें महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने शुभकामनाएं दी है।